चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 293, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 23 नवंबर 2023 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने में ऑडिटर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं : राज्यपाल

**देहरादून**
राज्यपाल ने कहा कि भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने में ऑडिटर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ऑडिटर गलत कार्यों को गलत बताने में कोई हिचकिचाहट नहीं करते, जो उनकी सबसे बड़ी विशेषता है। बुधवार को हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र ऑडिटोरियम गढ़ी कैंट में ऑडिट सप्ताह के अवसर पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक(सीएजी) द्वासीएजी रोल इन प्रमोटिंग गुड गर्वनेंस विषयक्ष पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने यह बातें कहीं। इस अवसर पर राज्यपाल ने उप महालेखाकार नेहा मित्तल की ओर से लिखित पुस्तक देवभूमि उत्तराखंडः द फेसिनेटिंग कल्चर ऑफ सेंट्रल हिमालय का विमोचन किया। यह पुस्तक उत्तराखंड की प्राकृतिक संपदा, चारधाम यात्रा और यहां के स्थानीय समुदायों के रहन-सहन पर केंद्रित है। राज्यपाल ने इसके लिए लेखिका को बधाई और शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि सुशासन के एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में लोक प्रशासन को अधिक जिम्मेदार तथा पारदर्शी बनाने में ऑडिट की महत्वपूर्ण भूमिका है। पिछले कुछ वर्षों में इस संस्थान ने अपने आप को आलोचक से सुशासन का सूत्रधार बनाया है।

# चुनावी सरगर्मी: पार्टियों ने झोंकी ताकत

### प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थानवासियों के नाम लिखा पत्र, भाजपा को जिताने की अपील, गहलोत सरकार के 5 साल के कार्यकाल का आकलन करके दें वोट

**जयपुर**
राजस्थान विधानसभा चुनाव से तीन दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राजस्थानवासियों के नाम पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के पांच साल के शासन को अपने मापदंडों पर तौलकर ही वोट करें। उन्होंने भाजपा के उम्मीदवारों को जिताने की मार्मिक अपील की है। प्रधानमंत्री ने अपने पत्र में राजस्थानवासियों से पांच साल के शासन में हुई सभी घटनाओं को याद कर गहलोत सरकार पर तुष्टीकरण की नीति अपनाने का आरोप लगाया है। प्रधानमंत्री ने लिखा कि मेरे प्यारे राजस्थान वासियों, सगला ने म्हारी राम-राम। राजस्थान की पुण्य भूमि को प्रणाम करता हूं, जहां जन्मे वीरों और वीरांगनाओं ने सदैव इस देश पर पड़े संकट का डट कर मुकाबला किया है। मैं यहां के गौरवशाली इतिहास को नमन करता हूं जो त्याग, वीरता, तपस्या और बलिदान का प्रमाण है। अगले कुछ दिनों में राजस्थान में मतदान होने वाला है, ऐसे समय में जब आप सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करने जा रहे हैं, मेरे विचार में आया कि मैं अपनी बात आपके बीच रखूं और आपसे भाजपा के लिए आशीर्वाद मांगू। पांच वर्ष पूर्व आपने अपनी इस तपोभूमि की आकांक्षाएं पूरी करने की जिम्मेदारी कांग्रेस को दी थी, लेकिन दुर्भाग्य से इन पांच वर्षों में राजस्थान को लाचार कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ बेकाबू अपराध, निरंकुश प्रशासन और हजारों करोड़ का भ्रष्टाचार ही देखने को मिला। कांग्रेस ने राजस्थान की साख को जो नुकसान पहुंचाया है उसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। ऐसा लगता है जैसे कांग्रेस ने इन पांच वर्षों में राजस्थान से किसी पुरानी दुश्मनी का बदला लिया है। उन्होंने लिखा कि राजस्थान की धरती हमेशा से ईमानदारी, न्याय और लोक शासन की प्रतीक भूमि रही है। जब भी राजस्थान के बारे में बात होती है तो हमारे मन में हमेशा सम्मान, गौरव और मयार्दा के एक राज्य की तस्वीर बनती है, लेकिन आज राजस्थान के लोगों को कांग्रेस सरकार के कारण शर्मिंदा होना पड़ रहा है।



## मोदी एक-दो हाथों में देश सौंप रहे हैं, ऐसा नहीं चलेगा: प्रियंका गांधी

**जयपुर**
कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंच से एक भविष्यवाणी की थी। आज मैं भी करती हूं कि अगर इसी तरह मोदी सरकार देश की संपत्तियां उद्योगपतियों को सौंपती रही तो एक दिन लोगों का गुस्सा संभल नहीं पाएगा। मोदी जिस तरह से सरकार चला रहे हैं, ये नहीं चलेगा। उनको समझाना पड़ेगा, कि जो एक-दो लोगों के हाथों में देश चलाने के लिए सौंप रहे हैं, ऐसा नहीं चलेगा। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी बुधवार को शाहपुरा के मनोहरपुर (जयपुर) में एक जनसभा को संबोधित कर रही थीं।

## मोदी अब कहते हैं भारत में सिर्फ गरीब जाति है: राहुल गांधी

**धौलपुर**
राजस्थान के धौलपुर के राजाखेड़ा में बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी हर भाषण में कहते थे कि भाइयों और बहनों मैं ओबीसी वर्ग का हूं। आपने सुना है न। उन्होंने पूछा कि ओबीसी की हिंदुस्तान में क्या आबादी है, कोई बता सकता है। कितने हैं हिंदुस्तान में ओबीसी, कोई बता नहीं सकता। किसी को नहीं मालूम कि पिछड़ों की आज हिंदुस्तान में क्या आबादी है। इसलिए मैंने पार्लियामेंट में कहा कि हम भारत माता की जय करते हैं। मगर भारत माता में किसकी कितनी आबादी है ये किसी को नहीं मालूम। इसलिए मैंने सदन में जाति जनगणना की मांग की। मैंने कहा कि अगर हमें सचमुच में लोगों को भागीदारी देनी है। दलितों को, आदिवासियों को, गरीब जनरल कास्ट को भागीदारी देनी है तो सबसे पहला कदम जाति जनगणना का है। उन्होंने कहा कि पार्लियामेंट में जिस दिन मैंने ये बात कही, उस दिन से नरेंद्र मोदी जी के भाषण बदल गए। पहले कहते थे कि मैं ओबीसी हूं। जब मैंने ओबीसी की आबादी का सवाल उठाया। उसके बाद नरेंद्र मोदी कहते हैं कि भाइयों और बहनों हिंदुस्तान में सिर्फ एक जाति है, वो है गरीब।



## बेरोजगारों की बद्दुआएं गहलोत सरकार को डस कर रहेगी: राजे



**भादरा/राजगढ़/अलवर/फुलेरा/जयपुर**
पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा है कि भाजपा सरकार के समय जो राजस्थान देश के अग्रणी प्रदेशों में गिना जाता था, वही राजस्थान पिछले 5 वर्षों में तरक्की की दौड़ में काफी पिछड़ गया। आज यहां स्कूल है तो अध्यापक नहीं, अस्पताल है तो डॉक्टर नहीं, कॉलेज है तो व्याख्याता नहीं, पद खाली है पर रोजगार नहीं। इस सरकार ने 19 बार पेपर लीक करवा कर लाखों बेरोजगारों का भविष्य खराब कर दिया। अब बेरोजगारों की बद्दुआएं इस गहलोत सरकार को डसेगी। वे भादरा में भाजपा प्रत्याशी संजीव बैनीवाल, राजगढ़ प्रत्याशी सुमित्रा पूनिया, अलवर प्रत्याशी संजय शर्मा और फुलेरा प्रत्याशी निर्मल कुमावत के समर्थन में आयोजित सभाओं में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में जो भी बच्चा पैदा होगा, वह अपने ऊपर करीब 70 हजार रुपये का कर्ज. लेकर ही पैदा होगा। राजस्थान के इतिहास में प्रदेश पर सबसे अधिक कर्ज गहलोत के समय में हुआ है। यह कर्जा सरकार ने प्रदेश के विकास के लिए नहीं, कांग्रेस के विकास के लिए लिया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार का खजाना प्रदेश की जनता पर नहीं, अपने विधायकों पर लुटाते है।

## उत्तराखंड में फिल्म शूटिंग और निवेश के प्रति निर्माताओं ने दिखाई रुचि

**देहरादून**
54वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के अंतर्गत फिल्म बाजार-2023 में उत्तराखंड पवेलियन में डेस्टिनेशन उत्तराखंड के तहत विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्म निमाताओं की ओर से राज्य में फिल्म शूटिंग और निवेश के प्रति रुचि दिखाई है। उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के नोडल अधिकारी डॉ. नितिन उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निदेर्शानुसार राज्य में फिल्म शूटिंग एवं फिल्म उद्योग में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है।

## निवेश के मामले में मेरठ, झांसी, मीरजापुर, लखनऊ और वाराणसी मंडल टॉप फाइव में

**लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में फरवरी माह में संपन्न हुए उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का परिणाम सरकार की सोच से भी कहीं ज्यादा उत्साहवर्धक साबित हुआ है। लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को अब धरातल पर उतारने के प्रयास शुरू हो गये हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के प्रथम फेज की तैयारी में जुटी योगी सरकार के प्रयासों से 7.16 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश धरातल पर उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। प्रदेश के सभी 18 मंडलों में उद्योग जगत ने बेहतरीन संभावनाएं देखते हुए निवेश करने का फैसला लिया है। हालांकि सभी मंडलों में निवेशकों की रुचि अलग अलग ही देखने को मिली है। मेरठ मंडल में निवेशकों ने सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखाई है। क्रियान्वयन के लिए तैयार निवेश में प्रदेश के टॉप फाइव मंडलों में क्रमशः मेरठ, झांसी, मीरजापुर, लखनऊ और वाराणसी हैं। मंडलवार बात की जाए तो मेरठ मंडल में सर्वाधिक 2,55,097 करोड़, इसके बाद झांसी मंडल में 91,128 करोड़, मीरजापुर मंडल में 85,104 करोड़, लखनऊ मंडल में 48,770 करोड़, वाराणसी मंडल में 37,372 करोड़ है।



## सिलक्यारा निर्माणाधीन सुरंग हादसा : रेस्क्यू ऑपरेशन होगा सफल, बाहर आयेंगे 41 श्रमिक

### अभी तक कुल 45 मीटर से अधिक ड्रिलिंग हुई पूरी

**उत्तरकाशी**
**उत्तराखंड** के उत्तरकाशी की सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग हादसे के रेस्क्यू ऑपरेशन के 11वें दिन श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए अच्छी खबर आई हैं। सबकुछ ठीक ठीक रहा तो सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए अब कुछ घंटे ही बचे हैं। ऑगर मशीन से अभी तक 45 मीटर तक पाइप पुश हो चुका है। कुछ देर पहले प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार एवं उत्तराखंड सरकार के विशेष कार्याधिकारी भास्कर खुल्बे ने बताया कि ऑगर मशीन से पुनः ड्रिलिंग शुरू करते हुए और 6 मीटर तक ड्रिलिंग कर दी गई है। इस तरह से अभी शाम तक कुल 45 मीटर तक से अधिक ड्रिलिंग पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि आने वाला समय और अधिक महत्वपूर्ण है। अगले फेज की ड्रिलिंग शुरू हो गई है। रेस्क्यू टीम के लिए बुधवार का 11वां दिन खास होने वाला है और बड़ी सफलता मिलेगी। उम्मीद है कि कुछ ही घंटों बाद सभी 41 श्रमिकों को सिलक्यारासुरंग से सकुशल बाहर निकल लेंगे। प्रशासन ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। एयरपोर्ट से लेकर ऋषिकेश स्थित एम्स अस्पताल और सिल्क्यारा सुरंग के बाहर पर्याप्त फोर्स एवं एंबुलेंस तैयार खड़ी हैं। इस दौरान एम.डी (एनएचआईडीसीएल ) महमूद अहमद, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी मौजूद रहे।



## 'ईडी 'शक्तियों' के इशारे पर काम कर रही है': सिब्बल



**नई दिल्ली**
राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने बुधवार को नेशनल हेराल्ड अखबार की संपत्ति जब्त करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आलोचना की। उन्होंने नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की कार्रवाई को "राजनीति में नया निचला स्तर" बताया। कांग्रेस के पूर्व नेता सिब्बल ने यह भी आरोप लगाया कि जांच एजेंसी "शक्तियों" के इशारे पर काम कर रही है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने नेशनल हेराल्ड अखबार और उससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत लगभग 752 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति और इक्विटी शेयर जब्त किए हैं। अस्थायी कुर्की आदेश तब आया जब पांच राज्यों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव चल रहे हैं और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होने वाली है। एक्स पर एक पोस्ट में सिब्बल ने कहा, "यंग इंडियन (वाईआई), एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल), ईडी ने एजेएल की 752 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है।

"**आरोप**?: एजेएल की संपत्ति के मालिक वाईआई शेयरधारक धोखाधड़ी और विश्वास का उल्लंघन हैं।"

"**कानून**?: शेयरधारक कभी नहीं होते हैं कंपनी की संपत्ति के मालिक। यंग इंडिया एक गैर-लाभकारी कंपनी है। ईडी की कार्रवाई राजनीति में एक नया निचला स्तर है।"

## बीआरएस-भाजपा के बीच गुप्त समझ है : मल्लिकार्जुन खड़गे

**आलमपुर/नलगोंडा**
कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को तेलंगाना में आलमपुर और नलगोंडा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) एवं भाजपा पर जमकर हमला बोला। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी बीआरएस और भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों से भाजपा का प्रभाव कम होता गया है। अब चुनाव मैदान में भाजपा दिखायी नहीं दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बीआरएस को लाभ पहुंचाने के लिए ही चुनाव मैदान से हट गयी है। इन दोनों दलों के बीच एक गुप्त समझौता हुआ और दोनों दल मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि बीआरएस और भाजपा का एक ही लक्ष्य है कांग्रेस को हराना। उन्होंने कहा इन दोनों दलों से कांग्रेस डरने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने तेलंगाना की जनता के संघर्ष को देखकर तेलंगाना दिया, केवल एक परिवार के लिए तेलंगाना नहीं दिया। तेलंगाना की जनता की आशा और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए ही कांग्रेस पार्टी ने तेलंगाना दिया, परंतु वास्तव में जनता के साथ न्याय नहीं हुआ। खड़गे ने कहा कि ये चुनाव तेलंगाना के लिए बेहद अहम हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री केसीआर कभी लोगों से नहीं मिले। लोगों को ऐसे नेता को चुनाव में वोट नहीं देना चाहिए।

## आतंकियों के साथ मुठभेड़, दो अधिकारी, दो जवान शहीद

**राजौरी**
**जम्मू-कश्मीर** के राजौरी जिले में बुधवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के दो अधिकारी और दो जवान बलिदान हो गए। बताया जा रहा है कि यह संख्या आगे बढ़ भी सकती है। वहीं इस मुठभेड़ में बलिदानियों में कैप्टर एमवी प्रांजल, कैप्टन शुभम और हवलदार माजिद और अन्य जवान भी शामिल हैं। वहीं इनके अलावा मेजर मेहरा घायल हुए हैं और उन्हें उधमपुर स्थित कमान अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आपको बता दें कि यह मुठभेड़ राजौरी के कालाकोटे तहसील के बाजी माल इलाके में तब हुई जब घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया था।

## उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर योगी सरकार का फोकस

### प्रदेश में धार्मिक, आध्यात्मिक व ऐतिहासिक महत्व वाले 10 प्रमुख स्थलों को चिह्नित कर उनके कायाकल्प की हो रही है तैयारी

**लखनऊ**
उत्तर प्रदेश की औद्योगिक व आर्थिक उन्नति के साथ ही आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। यूं तो, उत्तर प्रदेश धार्मिक महत्व वाले स्थलों के लिहाज से काफी समृद्ध रहा है, मगर इनमें काशी, प्रयागराज, मथुरा-वृंदावन, अयोध्या, मिजार्पुर, गोरखपुर, चित्रकूट, नैमिषारण्य व देवीपाटन क्षेत्रों के तीर्थस्थलों को प्रमुखता दी जाती है। वहीं, प्रदेश में अब उन धार्मिक, आध्यात्मिक व ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों को भी सौंदर्यीकरण व विकास कार्यों के लिए वरीयता जा रही है जो कई वर्षों से इस प्रक्रिया से वंचित रहे हैं। इस क्रम में, सीएम योगी की मंशा के अनुरूप एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है जिसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (यूपीएसटीडीसी) ने शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत यूपीएसटीडीसी ने बस्ती में काली माता मंदिर, झरखंडी मंदिर व श्रीराम-जानकी मंदिर, आजमगढ़ में कालिका मंदिर व उन्नाव में सिद्धपीठ माता मंशारानी मंदिर तथा लखीमपुर में काली मंदिर, सेठ घाट तथा बाबा बनवारी दास धाम व बरेली के धोपेश्वर नाथ मंदिर समेत कुल 10 धार्मिक महत्व वाले स्थलों पर सौंदर्यीकरण समेत विकास कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। इन स्थलों के सौंदर्यीकरण व लंबित विकास कार्यों के पूर्ण होने से न केवल इन तीर्थों पर पर्यटन का विकास होगा बल्कि इसके जरिए क्षेत्र की उन्नति का मार्ग भी प्रशस्त होगा। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (यूपीएसटीडीसी) द्वारा शुरू की गई सौंदर्यीकरण व विकास प्रक्रिया के मौजूदा चरण में कुल 5 जिलों के चिह्नित तीर्थों में विकास प्रक्रिया को पूर्ण करने की तैयारी की गई है। इनमें बस्ती व लखीपुर के मंदिरों व तीर्थस्थलों को प्रमुखता दी गई है। बस्ती के विक्रमजोत स्थित देवखार गांव में स्थित झरखंडी मंदिर, दुबखारा स्थित काली माता मंदिर व रेपुरा के जंगलों में स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर में सौंदर्यीकरण व विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए यूपीएसटीडीसी की ओर से ई-टेंडरिंग प्रक्रिया शुरू की गई है जिसके जरिए चयनित कंपनी व एजेंसी को कार्य आवंटित किए जाएंगे। इसी प्रकार आजमगढ़ के हरखोरी स्थित माता कालिका मंदिर में भी विकास कार्यों को पूर्ण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दूसरी ओर, उन्नाव के सिद्धपीठ माता मंशारानी मंदिर व नवल जातापुर स्थित बौद्ध तीर्थस्थल के विकास और सौंदर्यीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए कायार्वंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



# सांसद खेल स्पर्धा में आरकेआईसी को मिली दोहरी सफलता

## ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा में क्षेत्र की बीस टीमों ने किया प्रतिभाग, राजा कमलाकर, शिवराजपुर और लोहगरा की टीम ने दिखाया दम





**अखंड भारत संदेश**

**बारा/शंकरगढ़।** बुधवार को स्थानीय राजा कमलाकर इंटर कालेज में ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में क्षेत्र की कुल 20 टीमों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग कबड्डी में शिवराजपुर प्रथम और करियाकला की टीम द्वितीय स्थान पर रही।जबकि बालिका वर्ग कबड्डी में राजा कमलाकर की टीम प्रथम और लोहगरा की टीम द्वितीय स्थान पर रही।खो-खो बालिका वर्ग में लोहगरा की टीम प्रथम और जीआईसी शंकरगढ़ की टीम द्वितीय स्थान पर रही। वॉलीबॉल बालक वर्ग में राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ की टीम प्रथम और नवोदित शिक्षा केंद्र की टीम द्वितीय स्थान पर रही। ब्लॉक स्तरीय स्पर्धा में प्रथम आने वाली टीम, जिला स्तर पर 25 और 26 नवंबर को आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगी।सांसद रीता जोशी ने बताया कि आज के दौर में पढ़ाई लिखाई के साथ खेलकूद में भी कैरियर बनाया जा सकता है। केंद्र की नरेंद्र मोदी और प्रदेश की योगी सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।अभिभावकों से भी अपील है कि वह अपने बच्चों की रुचि का ध्यान रखें और उनकी क्षमता के अनुरूप पढ़ाई लिखाई के साथ खेलकूद के लिए प्रेरित करें। सांसद खेल स्पर्धा देश के युवाओं को खेल का मंच प्रदान करने का एक माध्यम है। सरकार की इस पहल से गांव के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है। फाइनल में चार विजेताओं को 51-51 हजार और उपविजेताओं को 31-31 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।यह प्रतियोगिता 21 नवंबर से 26 नवंबर तक विभिन्न जगहों में आयोजित की जा रही है।प्रतियोगिता का उद्घाटन राजा कमलाकर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह द्वारा किया गया। पुरस्कार वितरण प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह और सांसद प्रतिनिधि सुधा गुप्ता द्वारा प्रतिभागियों को शर्ट और प्रथम विजेता को ट्रैक सूट, शील्ड और उप विजेता को शर्ट, लोवर और शील्ड प्रदान किया गया। प्रतियोगिता संपन्न करने के लिए नोडल अधिकारी अजय सिंह, निर्णायक मंडल में रवींद्र सिंह, पंकज सिंह चंदेल, ज्ञानेंद्र सिंह, सरदार सिंह, आशुतोष सिंह, अशोक मौर्य, सुनील द्विवेदी, अरविंद सिंह, अरविंद कुमार गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

# खेलों से युवाओं का होता है चहुमुखी विकास : डॉक्टर रीता जोशी

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** विकासखंड स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता में तीन खेल स्पर्धा में 38 टीमों ने प्रतिभाग कि.या। विजेताओं को स्थानीय सांसद ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विकासखंड कार्यालय के लोग भी उपस्थित रहे। बुधवार को जसरा के ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा के मैदान में ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान करते हुए स्थानीय सांसद डॉ० रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि खेल के माध्यम से ही युवाओं का चहुंमुखी विकास होता है। खेल के द्वारा शारीरिक मानसिक व सामाजिक विकास भी संभव है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी खेलों को बढ़ावा दे रहे हैं। उसी के फलस्वरुप आज गांव-गांव में सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को राष्ट्रीय स्तर के खेलों का मंच मिल रहा है।



## सांसद खेल स्पर्धा में 38 टीमों ने लिया भाग

उन्होंने विजेता टीम के खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा खेलों में अच्छे युवक यूवतियों को जिला व प्रदेश स्तर के खेल टीमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहन किया। वॉलीबॉल, कबड्डी, खो खो प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर की 38 टीमों ने भाग लिया। खो खो की स्पर्धा में सेहुंड़ा की महिला खिलाड़ियों ने बाजी मारी तथा विजेता रही। दूसरे स्थान पर श्री लालचंद इंटर कॉलेज जसरा की छात्राएं रहीं। जब कि कांटी गांव व राजकीय बालिका विद्यालय जसरा व गांधी शांति निकेतन इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। कबड्डी बालिका वर्ग में चितौरी गांव की टीम विजेता रही। बीकर गांव की लड़कियां उपविजेता रहीं। वहीं कबड्डी बालक वर्ग में सुजौना की टीम विजेता रही । पूरे किन्नर की टीम उपविजेता घोषित की गई। वॉलीबॉल स्पर्धा में ग्रीन फील्ड अकादमी की टीम विजेता रही। जब कि कंजासा स्पोर्टिंग क्लब उपविजेता रही। सांसद द्वारा जिले में विजेता टीम को 51 हजार व उप विजेता टीम को 31हजार रूपए का पुरस्कार देंगी। इस अवसर पर संत प्रसाद पांडे, अखिलेश वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी, चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, जितेंद्र गुप्त, सचिन श्रीवास्तव, सुधीश जायसवाल नोडल प्रभारी,प्रधानाचार्य डॉक्टर योगेंद्र सिंह, ममता शर्मा, अग्रिमा पांडे, रेखा रानी गौड़, सुनीला भारतीय, देवांशिका सिंह बीओपीआरडी, अनिल कुमार मिश्रा निदेशक डीसीबी, सुनील गौतम, महेंद्र द्विवेदी ,राजेश्वर मिश्रा, डॉक्टर चक्रधर द्विवेदी, अरविंद सिंह ,राम जी तिवारी, दिलीप तिवारी, मानसिंह, अरविंद सिंह, होरीलाल दिवाकर, कृष्ण कुमार कुशवाहा आदि रहे।

# खेल स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना : डॉ रीता बहुगुणा

**करछना/जारी।** प्रधानमंत्री के आह्वान पर मोती लाल नेहरू पीजी कॉलेज कौंधियारा में इलाहाबाद की सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी द्वारा सांसद खेल स्पर्धा के प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।इसके बाद उन्होंने खिलाड़ियो के पास जाकर सभी का परिचय लेकर उत्साहवर्धन किया। इलाहाबाद की सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद खेल स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य खेलों के प्रति युवाओं के रुचि बढ़ाना उन्हें और अधिक प्रतिभा वान बनाना है।इससे आगे चलकर युवाओं को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सकेगा।खेलों से बच्चों का पूर्ण शारीरिक व मानसिक विकास होता है। हर क्षेत्र के लिए अच्छी प्रतिस्पर्धा खेल का मैदान ही सीखता है। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग कबड्डी में श्रीमती इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज पटेल नगर अकोढा, खो-खो में मोतीलाल नेहरू इंटर कॉलेज कौंधियारा, बालक वर्ग कबड्डी में बारिबजहिया, वॉलीबॉल में बड़गोहना क्लब विजेता रही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष प्रमुख संघ इंद्रनाथ मिश्रा उपस्थित रहें।कार्यक्रम का संचालन कृष्णानंद शुक्ल ने किया।इस मौके पर खंड विकास अधिकारी ओ पी सिंह,प्राचार्य डॉ मणि शंकर द्विवेदी,शिव प्रसाद केसरवानी,अनुज पांडेय,अमित पांडेय,दुर्गेश मिश्र,प्रदीप दुबे,राजेन्द्र पाण्डेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहें।



## पांच दिवसीय मानस प्रवचन में उमड़ी भीड़

**मेजा।** मेजा खास में आयोजित पांच दिवसीय मानस सत्संग प्रवचन के पहले दिन राम भक्तों की भारी भीड़ रही।रमेश केशरी साइकिल वाले के सौजन्य और नेहरूलाल की व्यवस्था और ग्रामीणों के सहयोग से विगत 35 वर्षों से अनवरत चला आ रहा मानस सत्संग प्रवचन से स्थानीय लोग लाभान्वित हो रहे हैं। मानस मर्मज्ञ वाराणसी से पंडित अमरनाथ मिश्र,बिहार से पंडित सुखेन जी महाराज और कानपुर से पधारी सुनीता देवी ने अपने मधुर वाणी से राम भक्तों को सत्संग प्रवचन का रसपान कर रहे हैं। मानस प्रवचन 21 से 25 नवंबर तक शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक जारी रहता है।समापन के। अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# नेता जी ने हमेशा किसानो मजदूरों के लिए संघर्ष किया : सोमदत्त सिंह

**अखंड भारत संदेश**

## सपाइयों ने मनाई पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती

**कोरांव।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री एवम पूर्व रक्षा मंत्री भारत सरकार की जयंती विधान सभा कोरांव में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं द्वारा भव्य तरीके से मनाई गई। इस मौके पार्टी कार्यकताओं ने बैठक करके धरती पुत्र नेता जी के जीवन संघर्षों पर प्रकाश डाला और साथ ही साथ नगर में स्थित विभिन्न अस्पतालों में जाकर मरीजों में फल वितरण किया। इस मौके पर सोमदत्त सिंह पटेल विधानसभा अध्यक्ष एवम जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने अजीवन गरीबों दलितों किसानो छात्रों नौजवानों पिछड़ों अल्पसंख्यक समाज के उत्थान के लिए संघर्ष किया और अपने कार्यकाल में प्रदेश और देश में जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभवंतीत किया और सभी पार्टी जनों को नेता जी के बताए पथ पर चलकर देश और समाज की सेवा करते हुए समाजवादी पार्टी का परचम बुलंद करने का काम करे। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवम विधानसभा प्रभारी चर्चित किसान नेता राजेश पांडेय ने कहा कि मुलायम सिंह यादव के अधूरे सपनों को अखिलेश यादव साकार करेंगे। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र जैसल जाटव प्रधान विधानसभा महासचिव करते हुए उपस्थित कार्यकताओं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ललन सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष रामदेव निडर मेहताब खान नगर अध्यक्ष कमलेश यादव हरि प्रसाद पाल राधेश्याम यादव शहादत अली अजीत पटेल सुनील राणा प्रेम शंकर पटेल राधेश्याम यादव मोहम्मद हारून अंसारी रामानुज यादव केशरी प्रसाद कुशवाहा मुस्ताक अली नौशाद अंसारी यादवेंद्र यादव दीपू कुशवाहा अशोक विधार्थी मंगला कोल सुधि कुमार जैसल आदि रहे।

# शिल्ट सफाई बाघला नहर प्रखंड व टोंस की नहरों का विधायक वाचस्पति ने किया उद्घाटन



**जसरा।** बुधवार को विधायक वाचस्पति ने शिल्ट सफाई के अंतर्गत बाघला नहर प्रखंड और टोंस प्रखंड का उद्घाटन सुरवल माइनर पर करते हुए संबंधितों को निर्देश दिया और कहा की इससे क्षेत्र के किसानों को सिंचाई में राहत मिलेगी। इसके बाद उन्होने गौहनिया स्थित एमवी कान्वेंट स्कूल में जनता दरबार लगाकर लोगो की समस्या को सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उप जिलाधिकारी बारा से वार्ता करते हुए किसानों के पेपर को जल्दी सत्यापित करवाने के लिए भी कहा ताकि किसान अपनी फसल को समय रहते बेच सकें। कमला पंप नहर की तृतीय शाखा शुरू कराने के लिए ग्रामीण शेर सिंह के द्वारा ज्ञापन दिया गया जिससे दर्जनों गांवों को सिंचाई के लिए पानी मिल सकें। प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, उमेश शुक्ला, फूलचंद्र पटेल, पूर्व प्रधान श्यामू निषाद, जय प्रकाश त्रिपाठी, राजकुमार पटेल, सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, संदीप पटेल, बाल गोविंद भारतीय, अर्जुन कुशवाहा, कमलेश मलैया, राधिका पटेल, उमाशंकर बिंद, इंद्रजीत भारतीय, मिथलेश पांडेय, संजीव पांडेय, दिनेश प्रजापति, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# त्रिस्तरीय पंचायती राजव्यवस्था के जनक थे मुलायम सिंह यादव

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** प्रयागराज समाजवादी पार्टी विधानसभा करछना द्वारा पनासा स्तिथ हलैया का पूरा में देश के रक्षा मंत्री एवं प्रदेश के ३ बार मुख्यमंत्री रहे समाजवादी पार्टी के सस्थापक धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव का ८५वा जन्मदिन केक काटकर एवं उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर धूमधाम के साथ मनाया गया मुख्या अतिथि समाजवादी पार्टी जमुनापार के महासचिव इ जगदीश यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जयशंकर भारती जिलाउपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मंगला प्रसाद पाल महिला सभा की महासचिव गीता भारती जिला सचिव कमलेश पुष्कर सहित गणमान्य पार्टी कार्यकर्त्ता एवं नेता मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबू तथा सञ्चालन श्रेयांक (विमल यादव ) ने किया समारोह को सम्बोधित करते हुए इ. जगदीश यादव ने कहा की



शहीदों पार्थिव शरीर उनके परिजनो के घर पहुंचाने का सारा श्रेय नेता जी को है उन्होंने परिजनों को ७ लाख संस्कार के लिए परिजनों को दिए था विशिष्ट अतिथि जयशंकर भारती ने त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में पिछडो दलितों और महिलाओ को लोकतंत्र में भागीदारी देकर पंचायती राज का सपना साकार किया है। कार्यक्रम को जिला सचिव कमलेश पुष्कर गीता भारती प्रदीप निषाद सीताराम यादव मानिकचंद्र राजेश यादव मंगला प्रसाद पाल डॉ लाल बाबू राम सेन यादव सहित पदाधिकारीयो एवं कार्यकर्ताओ ने सम्बोधित किया संयोजक सुनील यादव ने आये हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन किया।

## न्यूज झरोखा

### समाजवादी ब्यापार सभा के जिलाध्यक्ष की माता के निधन पर कुंवर रेवती रमण ने परिजनों को बंधाया ढांढस



**जसरा।** समाजवादी ब्यापार सभा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार केसरवानी के माता जी के निधन पर पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह पहुंचकर शोक संवेदना ब्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया है। शोक संदेश देने वालों में रवीन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य बृजेश यादव, शिवाकांत यादव, प्रमोद कुमार केसरवानी, शंकर लाल मधुकर, जयसिंह यादव,बबलू यादव, रमाकांत यादव सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहे।

### धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव जन्मदिवस पर याद किए गए



**मऊआइमा।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व रक्षा मंत्री भारत सरकार धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव को 22 नवंबर को उनकी जन्मतिथि पर याद किया गया। इस मौके पर कई स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मऊआइमा के चकश्याम गांव में जिला प्रचार मंत्री राम मूरत यादव के नेतृत्व में जन्मदिवस मनाया। इस दौरान किरांव सेक्टर अध्यक्ष रामखेलावन यादव, ठाकुरदीन, राणा प्रताप पटेल तथा नागेंद्र कुमार शर्मा समेत अन्य लोगों ने मुलायम सिंह यादव के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सपा नेताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने लोहिया और अंबेडकर के विचारों पर चलकर प्रदेश में शांति और भाईचारे की बुनियाद डाली।उधर मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में मेराज आरिफ, नूरुद्दीन सैफी, चेयरमैन शोएब अंसारी, सुभाष यादव आदि चित्र पर माल्यार्पण किया।

### तकनीकी सेल का नवनिर्मित भवन का उद्घाटन प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी ने किया




**मऊआइमा।** मऊआइमा विकासखण्ड परिसर में तकनीकी सेल के नाम से नवनिर्मित भवन का उद्घाटन ब्लॉकप्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी द्वारा किया गया। बताया गया है कि उक्त तकनीकी सेल नवनिर्मित भवन में जेई ,आर ईडी,तथा जेई ईएमआरआई ,व एडीओ एस आई एंव एडीओ आई एस बी,तथा एडीओ कोऑपरेटिव एवं मनरेगा टी०ए० को एक एक कमरा फर्नीचर सहित सुसज्जित कमरों की चाभी सौंपी गई। इस अवसर पर इम्तियाज समी ने कहा की जनपद प्रयागराज का यह पहला ब्लॉक है जहाँ पर तकनीकी सेल का निर्माण किया गया इससे सभी अवर अभियंताओं एवं टी०ए० मनरेगा को काम करने में काफी सुविधा होगी। इस मौके पर मऊआइमा खण्ड विकास अधिकारी उमेश सिंह एडीओ प्रेमदास ,जेईएमआई अशफाक अहमद ,जेई रीड जगतनारायण समस्त टीए एवं बीडीसी सदस्य मौजूद रहे।

### प्रधान ने अतिथियों को किया सम्मानित



**करछना।** तहसील क्षेत्र करछना डीहा ग्राम पंचायत में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 2023 से भगवान रामचंद्र की लीलाओं का दस दिवसीय रामलीला मंचन के कर्ण धार एवं अन्य गांवों के प्रधानों, समाजसेवियों गणमान्य नागरिकों की सहभागिता से संचालित आदर्श रामलीला समिति द्वारा क्षेत्रों से जुड़े समाज सेवियों को प्रधान डीहा प्रेमचंद आदिवासी ने एक रंगारंग कार्यक्रम में शामिल अतिथियों को सम्मानित किया साथ ही रामलीला मंचन के कलाकारों का भी उत्साह वर्धन कर उपस्थित क्षेत्रीय जनमानस का अभिवादन किया इस अवसर पर देवी प्रसाद तिवारी, चंद्र प्रकाश तिवारी प्रधान प्रतिनिधि कबरा,विनय कुमार यादव प्रधान गडैला,पिंटू यादव प्रधान गधियाव, अंकित यादव, डॉ विजय बाबू यादव जिला पंचायत सदस्य एवं प्रकाश हास्पिटल के प्रबंधक, मनोहर बहादुर यादव एवं राम शंकर यादव सहित कई गणमान्य लोग प्रधान एवं रामलीला समिति द्वारा सम्मानित हुए ।

### किस काम का ग्राम पंचायतों में हो रहे चौपाल कार्यक्रम

**बीडीओ एडीओ प्रधान की कोई नहीं सुनते प्रशासनिक अधिकारी**

**कोराव।** सरकार द्वारा जनसुनवाई के जरिए ऑनलाइन,और ऑफलाइन जन शिकायत प्रतिदिन किए जाने से ले कर ग्राम चौपाल आदि के माध्यम से की जा रही शिकायतों का कोई वजूद नहीं दिख रहा। क्योंकि निस्तारण करने वाले अधिकारी मनचाहा रिपोर्ट लगा कर शिकायतों की तेरही कर देते हैं। सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में रोस्टर से क्रम वार ग्राम्य चौपालों का आयोजन करा रही है। और बीडीओ से ले कर प्रभारी अधिकारी चौपाल और ग्राम प्रधान संयुक्त रूप से प्राप्त शिकायतों को एसडीएम से ले कर आपूर्ति,पुलिस,राजस्व आदि विभाग के सक्षम अधिकारी तक पत्राचार किया जाता है किंतु उक्त शिकायतों को कोई तरजीह ही नहीं दे रहा। जिससे ग्राम्य चौपालों का भी मजाक उड़ने लगा। इस बाबत ग्राम प्रधान संगठन के लीडर प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने बताया कि अल्हवा ग्राम पंचायत में आयोजित चौपाल में बीडीओ कोराव मुख्य अतिथि ने खुद जन समस्याओं की शिकायतें सुनीं। और अपने विभाग की समस्या का तो निस्तारण उन्होंने कर दिया किंतु तहसील और आपूर्ति विभाग से संबंधित मामले उप जिलाधिकारी कोरांव और आपूर्ति विभाग तथा ए बी एस ए कोरांव को कार्यवाही हेतु पत्राचार किया था। किंतु किसी ने कोई कार्यवाही नहीं की। जिससे ग्राम चौपाल का आयोजन भी अब मजाक बनता जा रहा।

# क्षेत्र पंचायत कोरांव के सदन की बैठक में जि.पं.सदस्य ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने किया प्रतिभाग




## सूचना मिलने पर भी कई अन्य विभाग के अधिकारी रहे अनुपस्थित

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** बुधवार को भागीरथी गार्डेन में क्षेत्र पंचायत कोरांव के सदन की बैठक ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल के अध्यक्षता में सकुशल संपन्न हुई। । सदन की बैठक में पूर्व पूर्व में किए गए कार्यों का उपस्थित सदस्यों के समक्ष आय ब्यय का ब्यौरा जहां प्रस्तुत किया गया वहीं नए कार्यों के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। साथ ही नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कोरांव की बहुआयामी विकास परक योजनाओं पर विभिन्न विभागों के उपस्थित रहे अधिकारियों के द्वारा चर्चा परिचर्चा करते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधान गणों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा सदन में उपस्थित रहे ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों से विकास कार्यों के प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। जिस पर क्षेत्र पंचायत सदस्यगण व ग्राम प्रधानगणों ने सदन की बैठक में क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष कोरांव मुकेश कोल व सचिव खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव के समक्ष अपने-अपने विकास कार्यों के प्रस्ताव दिए। सदन की बैठक को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल ने कहा कि शासन की और से क्षेत्र पंचायत की धनराशि आने में विलंब हुआ। जिससे विकास कार्यों में देरी हुई। मेरा सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ लगाव है। सभी क्षेत्र पंचायतों सदस्यों के क्षेत्र में विकास कार्य कराए जायेंगे। उन्होंने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों के प्रस्ताव लेकर यथोचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसी तरह खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना तथा स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत शौचायलयों के निर्माण की कमियों को बताते हुए अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने कहा कि केरल प्रदेश में प्रत्येक ग्राम पंचायत में विवाह घर निर्मित कराए गए हैं। मेरी मंशा है कि कोरांव के गांवो में भी विवाह घरों का निर्माण हो इसके लिए ग्राम प्रधान जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव दें मंजूरी दी जाएगी। सदन की बैठक में जानकारी देते हुए बीडीओ ने बताया कि ब्लाक के 41 ग्राम पंचायत में खेल के मैदान की स्वीकृति दी जा चुकी है। शेष ग्राम प्रधान भी जमीन का चिन्हांकन करते हुए प्रस्ताव दें उन ग्राम पंचायतों में भी खेल के मैदान निर्मित कराए जाएंगे। सहायक विकास अधिकारी पंचायत विवेक मिश्र ने कहा कि सदन की बैठक में अगर शौचालय न बनवाने वाले लाभार्थियों से वसूली का प्रस्ताव पारित कर दिया जाए तो मैं सभी लाभार्थियों को नोटिस जारी कर दूंगा। ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी ने बैठक में ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष व जिला स्तरीय पदाधिकारियों को न बुलाने पर नाराजगी जाहिर की। सदन की बैठक में जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार चतुर्वेदी पिंटू चौबे, जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह के प्रतिनिधि राजेश पटेल, जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त पटेल के प्रतिनिधि दीपक पटेल, जिला पंचायत सदस्य दशरथ कोल, एमएलसी मानसिंह यादव के पत्नी यादवेंद्र अहीर, खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान के प्रतिनिधि शिक्षक संघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य उमाशंकर पटेल, शिवाकांत पांडेय, जेई आरईएस जगनारायण, जेई एमआई नागेंद्र सिंह पटेल, बीटी नागेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजू सिंह आदि ने बैठक को संबोधित कर ब्लॉक की अनियमिताओं तथा विकास कार्यों में लापरवाही व उनके सुझाव हेतु विचार व्यक्त किए। सदन की बैठक का संचालन एडीओ आईएसबी रामेश्वर सिंह किया।

### एसडीएम, बिजली, स्वास्थ्य समेत कई विभागों के अधिकारी रहे नदारद

सदन की बैठक में एसडीएम व तहसील से किसी भी प्रतिनिधि के न पहुंचने तथा बिजली स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विभागों के प्रतिनिधियों के न रहने पर सदन की बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों ने नोंक झोंक भी की। वक्ताओं ने कहा कि जब जिम्मेदार अधिकारी ही नहीं है तो यहां की समस्याओं को कौन सुनेगा, उनका निराकरण कैसे होगा। इसको लेकर सदन में नाराजगी जाहिर की गई।

## मच्छरों को मारने के लिए नहीं हो रही है फागिंग

**मांडा।** ग्रामीण अंचलों में बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है मच्छरों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में सबसे अधिक मरीज बुखार के आ रहे हैं। पहले जिस बुखार को चिकित्सक वायरल बुखार करते थे वही बुखार अब लोगों के लिए जान का जोखिम बन गया है।प्लेटस डाउन होना अब आम बात हो गई है। मांडा क्षेत्र में मरीजों को उपयोग के लिए बकरी का दूध लोगों को नहीं मिल पा रही है। पपीते के पत्ते के लिए भी मारामारी है। ग्रामीण अंचल की दुकानों में भी नारियल का पानी खूब बिकने लगा है। हालत यह है कि उच्च न्यायालय ने प्रयागराज में डेंगू के प्रकोप से लगातार हो रही मौतों पर जिलाधिकारी सहित अन्य जिम्मेदार अफसरों को कोर्ट में तलब कर डेंगू से निपटने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। मांडा सहित अन्य विकास खंडों में एंटी लारवा कीटनाशक दवा का छिड़काव अभी तक नहीं हो सका है। खंड विकास अधिकारी का कार्यालय ग्राम प्रधानों को दवा लेने के लिए सीएचसी भेज रहे हैं। सीएचसी में प्रधानों को भी दवा नहीं मिल रही है। सच्चाई यह है कि अधिकारी अपने ग्राम पंचायत अधिकारियों में से ग्राम पंचायत अधिकारी प्रधान से और प्रधान अपने कर्मचारियों से अपनी अपनी बातें करने में लगे हैं काम कुछ भी नहीं हो पा रहा है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**ओवर स्पीडिंग रोकने के लिए कैमरे व ज्यादा से ज्यादा साइनेज लगवाने के दिए निर्देश, ओवर स्पीडिंग, हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वाले लोगो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के दिए**



**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने सर्वप्रथम गत बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी से अनुपालन प्रगति की समीक्षा करते हुए जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए की गयी प्रवर्तन की कार्रवाई व ओवर स्पीड़िंग रोकने के लिए क्या उपाय किए गए है, की जानकारी प्राप्त की।

बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी के द्वारा अक्टूबर माह-2023 में सड़क सुरक्षा से सम्बंधित प्रवर्तन कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया एवं उनके द्वारा बताया गया कि आगे भी इसी प्रकार के अभियान चलाये जाते रहेंगे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। अपर जिलाधिकारी ने दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान ठीक ढंग से करने के साथ ओवर स्पीडिंग, रांग साइड ड्राइविंग, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने, हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने वाले के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है, जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने डिवाइडर पर पेंट व रिफ्लेक्टर लगाये जाने व टूटे हुए डिवाईडरों की मरम्मत कराये जाने के लिए कहा है। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने लोगो के द्वारा अपनी सुविधानुसार तोड़े गए डिवाईडरों को विशेष रूप से चिन्हित कर उन्हें बंद कराने के लिए कहा है।उन्होंने साइन बोर्ड, स्पीड गन एवं कैमरा अनिवार्य रूप से लगाये जाने के निर्देश पीडब्लूडी, एनएच एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिए है। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सड़क पर बनाये जाने वाले रम्बल स्ट्रिप को निर्धारित मानक के अनुरूप ही बनाने के लिए कहा गया है। उन्होंने गुड समैरिटेन की पहचान दुर्घटना स्थल से सम्बंधित थाने व अस्पताल की रिपोर्ट के आधार पर किए जाने के लिए कहा है।

बैठक में आटो यूनियन के अध्यक्ष विनोद चन्द्र दुबे के द्वारा फाफामऊ व सोरांव के मध्य स्थित रेलवे क्रासिंग पर डिवाइडर बनाये जाने व बांगड़ चैराहे के किनारे अवैध कब्जों को हटाने के साथ सवारी बैठाने हेतु देर तक रूकने वाले वाहनों को हटवाने का सुझाव दिया गया। आटो यूनियन के महामंत्री रघुनाथ द्विवेदी के द्वारा सिविल लाइन बस अड्डा व अन्य स्थानों पर सड़क को तोड़कर बनाये गये अवैध कटों को बंद कराने के लिए कहा गया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने उपस्थित लोगो को आगामी समय में कोहरे के दृष्टिगत विशेष सावधानी बरतने के लिए कहा है। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, पीडब्लूडी के अधिशाषी अभियंता सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगणों के अलावा महामंत्री रमाकांत रावत, संगठन मंत्री शिवम रावत व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जनपद न्यायधीश ने मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अखंड भारत संदेश**

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 9 दिसम्बर को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत , मोबाइल वैन जनपद न्यायालय प्रयागराज से रवाना होकर शहर के विभिन्न स्थानों तहसीलों में प्रचार प्रसार करेगी**




**प्रयागराज।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 9 दिसंबर 2023 के प्रचार प्रसार हेतु मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर शहरी क्षेत्र तहसीलों,में प्रचार प्रसार हेतु जनपद न्यायालय प्रयागराज से रवाना किया गया। मोबाइल वैन द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर पंपलेट व लाउडस्पीकर के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया गया तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों के बीच राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार करते हुए लोगों को राष्ट्रीय लोक की अदालत की उपयोगिता के बारे में उपस्थित पैनल अधिवक्ताओं द्वारा बताया गया। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में दिनांक 9.12.2023 को प्रात 10:00 बजे से जनपद न्यायालय, प्रयागराज व समस्त तहसील में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा । जिसमें पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधित वाद, बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदारी वाद, आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का निस्तारण किया जाएगा। यह जानकारी सुभाष चंद मौर्य सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।

## न्यूज झरोखा...

### पुरानी पेंशन बहाल नहीं हुई तो कर्मचारी करेंगे हड़ताल : राजेश

**पेंशन बहाली को लेकर मेजा ब्लाक में कर्मचारियों ने किया वोटिंग दी चेतावनी**




**मेजा।** प्रदेश सरकार कर्मचारियों की पुरानी पेंशन यदि बहाल नहीं किया तो विकास खंड मेजा के सभी कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल करेंगे। उक्त बातें एसोसियेशन बोरिंग टेक्नीशियन संघ के मंत्री राजेश तिवारी ने बुधवार को पुरानी पेंशन बहाली को मेजा ब्लाक में हुए वोटिंग के दौरान कही। उल्लेखनीय है कि पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच के तत्वावधान में हुई वोटिंग में विकास खंड मेजा के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बहाली के पक्ष में सहमति पत्र भरकर पूरे जोश में मतदान किया। इस दौरान एसोसियेशन बोरिंग टेक्नीशियन संघ के जिला मंत्री राजेश तिवारी ने उपस्थित सभी कर्मचारियों का आह्वान करते हुए प्रदेश सरकार को कड़े शब्दों में चेतावनी दिया और कहा कि यदि सरकार पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती है तो मेजा विकास खंड के सभी कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य हो जाएंगे। इस मौके पर रामकृष्ण गुप्ता अशोक सिंह प्रमोद कुमार के अलावा सफाई कर्मी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### विश्वविद्यालय संघ द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु खेल कूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**नैनी।** नैनी अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु खेल कूद कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को प्रयाग विधि महाविद्यालय मवैया नैनी प्रयागराज के प्रांगण में अन्तर महाविद्यालयीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता (महिला/पुरुष) का आयोजन किया गया जिसमें 62 कि0ग्रा0 में हनुमन्त दत्त महाविद्यालय सोरांव के शिवम विश्वकर्मा, 71 कि0ग्रा0 में संतोष, उपरदहा डिग्री कालेज हंडिया प्रयागराज, प्रयाग विधि महाविद्यालय के 70 कि0ग्रा0 में मंगला प्रसाद ओझा एवं 100 कि0ग्रा0 में प्रियांशु पुरुषों में और 80 कि0ग्रा0 में साक्षी सिंह और 60 कि0ग्रा0 में अनामिका पाल ने अपने प्रतिद्वंदी को चित्त किया। मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के प्रबंध निदेशक इं0 आशीष त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि के0एच0 विक्टोरिया देवी प्राचार्या आर0के0 स्कूल आफ नर्सिंग एवं डॉ0 सुनिता बी0जॉन सचिव (ग्रैपलिंग एसोसिएसन आफ प्रयागराज) विपिन कुमार सिंह (सेंट्रल रेफरी) एवं प्रवीण राय (निर्णायक) उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रयाग विधि महाविद्यालय डॉ0 मुहम्मद जफर ने प्रतियोगिता की अगुआई की। संस्थान के खेल प्रभारी ने समस्त अतिथियों एवं प्रतियोगियों को सफल संचालन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

### रमा देवी बालिका इं.कालेज में की गई यातायात जागरूकता गोष्ठी



**प्रयागराज।** यातायात जागरूकता माह नवम्बर के क्रम में जिला अपराध निरोधक समिति के द्वारा आयोजित रमादेवी बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्या डॉक्टर सोनी यादव के निगरानी में बालिकाओं को यातायात जागरूकता, मिशन शक्ति ,साइबर सेल के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अतरसुइया थाना प्रभारी विनोद कुमार,यातायात जागरूकता प्रभारी पवन कुमार पाण्डेय,चौकी प्रभारी,मिशन शक्ति की टीम,साइबर सेल व डीसीपीसी सचिव सन्तोष श्रीवास्तव व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# जनपद स्तरीय रबी गोष्ठी एवं मिलेट्स महोत्सव / मेला संपन्न

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (न्यूट्रीसीरियल्स) योजनान्तर्गत बुधवार को जिला पंचायत परिसर में जनपद स्तरीय रबी गोष्ठी एवं दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव/मेला का शुभारम्भ हुआ। उक्त गोष्ठी की मुख्य अतिथि मा0 सासंद फूलपुर श्रीमती केसरी देवी पटेल व विशिष्ट अतिथि महापौर श्री उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी एवं जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल के द्वारा द्वीप प्रज्जलन करके गोष्ठी का शुभारम्भ किया गया। इससे पूर्व महोत्सव/मेले में लगे विभिन्न विभागों/एफ0पी0ओ0 के द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया गया। गोष्ठी के शुभारम्भ अवसर पर एस0पी0 श्रीवास्तव, उप कृषि निदेशक, प्रयागराज द्वारा गोष्ठी की उपयोगिता, कृषि निवेशों की उपलब्धता एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। कृषि विज्ञान केन्द्र, छाता प्रयागराज के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ0 एम0पी0 सिंह ने कहा कि श्री अन्न आगामी भविश्य का अन्न अनाज है। ये सभी श्री अन्न अनाज पर्यावरण के प्रति सहनशील, कमजोर मिट्टी, कम पानी में पैदा होने वाले एवं कम लागत में तैयार होने वाली फसल है। शुआट्स संस्थान नैनी से आये कृषि वैज्ञानिक, डा0 शिशिर कुमार ने बताया कि दिन प्रतिदिन जमीन का जल स्तर कम हो रहा है और तापक्रम बढ़ रहा है, ऐसे में श्री अन्न ही किसानों के पास विकल्प है। श्री अन्न में सांवा ऐसी फसल है जो सूखे और बाढ़ दोनों में उत्पादन देती है। श्रीमती निमिशा नटराजन, कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र नैनी द्वारा अन्न अनाजों में पाये जाने वाले पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने कृषकों से आह्वान किया कि सभी किसान अन्न की खेती की तकनीकी एवं प्रसंस्करण की जानकारी प्राप्त कर लें, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। सांसद फूलपुर, श्रीमती केशरी देवी पटेल ने कहा कि किसानों के शारीरिक दक्षता, क्षमता एव आय बढ़ाने के लिये श्री अन्न अनाज का सेवन बहुत आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी जी के दूरगामी सोच से अब तो संसद भवन के कैंटीन में बाजरे की खिचड़ी बनती है। अब युवा पीढ़ी को अन्न अनाजों की खेती के साथ-साथ उसके उपयोग के लिये उन्मुख होना चाहिए।महापौर गणेश केसरवानी जी ने कहा कि भारत का प्राचीन जीवन दर्शन बहुत वैज्ञानिक, प्रकृति सम्मत था, जिससे हम लोग विमुख होते गये जिसका वीभत्स रुप सामने देखने को मिला। प्रधानमंत्री मोदी जी के दूरदृष्टि से पुनः हम अन्न अनाज की तरफ बढ़ रहे हैं। अन्न अनाज आमदनी बढ़ाने के साथ-साथ कई बीमारियों के लिये रामबाण औषधि है। इस अवसर पर जनपद के अधिकारीगण सुभाष मौर्य, जिला कृषि अधिकारी, मुकेष कुमार, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, सुरेष चन्द्र यादव अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य के साथ-साथ शुआट्स संस्थान के वैज्ञानिक, डी0एस0 चैहान, मुकेश पी मसीह, सहित जनपद के प्रगतिशील कृषक भारी संख्या में उपस्थित रहे। अन्त में जिला कृषि अधिकारी, प्रयागराज द्वारा गोष्ठी का समापन किया गया।

### किशोरी घर से गायब, अपहरण का केश

**झूंसी।** थाना क्षेत्र से एक किशोरी घर से गायब है। परिजनों ने क्षेत्र के ही दो लोगो पर अपहरण का मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। किशोरी के भाई ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि हप्ते भर पहले पड़ोस के दो युवको ने उसकी नाबालिक बहन को झांसा देकर घर से भगा ले गए। किशोरी अपने साथ घर मे रखे पचास हजार रुपये व एक सोने की चेन भी ले गई है। पुलिस हमजा अंसारी व परवेज उर्फ शेरू के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के छीते मऊ गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति को दबंगों ने लाठियों से पीट पाट कर लहुलुहान कर दिया गया। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा के छीतेमऊ गांव निवासी वहीद उद्दीन पुत्र जमील उद्दीन का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी उसे लाठी डंडा से मार पीट कर लहुलुहान कर दिए और जान से मारने की धमकी दी गई।वहीद उद्दीन ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव के ही तौसीब, हसनैन, आफताब,तफसीद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है।

## उमेश पाल मर्डर केस का वांछित नफीस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड का वांछित अपराधी और 50 हजार के इनामी नफीस बिरयानी को पुलिस ने बुधवार की रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को सटीक सूचना मिली थी कि नफीस प्रयागराज अपने खुल्दाबाद वाले घर पर आ रहा है। प्रतापगढ़ और प्रयागराज के बॉर्डर के पास पुलिस ने चेकिंग लगाई तो नफीस और उसके साथी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में नफीस के पैर में गोली लगी। पुलिस ने नफीस को तो पकड़ लिया, लेकिन उसका साथी हाईवे से किनारे जंगल की तरफ भाग गया। पुलिस उसे की भी पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन चला रही है। सभी बॉडर्स को अलर्ट कर दिया गया है। चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर पुलिस उपायुक्त गंगानगर अभिषेक भारती व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद हैं।पुलिस उपायुक्त गंगानगर अभिषेक भारती ने बताया कि रात 10 बजे सूचना मिली कि दो बदमाश मोटर साइकिल पर जा रहे हैं। चेकिंग के दौरान चौकी आनापुर के पास रोकने पर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद बाइक से भागने लगे। बदमाशों का पीछा करने पर कुछ दूरी पर आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। एक अभियुक्त भागने में कामयाब रहा। घायल बदमाश से पूछताछ में अपना नाम मोहम्मद नफीस उर्फ नफीस बिरयानी पुत्र स्वर्गीय वासी अहमद निवासी खुल्दाबाद बताया गया है। नफीस बिरयानी उमेश पाल मर्डर केस में 50 हजार रुपए का इनामी है और फरार चल रहा था। भागे हुए बदमाश को पकड़ने के लिए लगातार चेकिंग की जा रही है। पुलिस द्वारा अभियुक्त को प्राथमिक उपचार हेतु हस्पताल ले जाया गया है। फील्ड यूनिट मौके पर मौजूद है। पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### माफिया अतीक का करीबी असलम उर्फ मंत्री गिरफ्तार, 10 हजार रुपये घोषित था इनाम

**प्रयागराज।** माफया अतीक के करीबी असलम उर्फ मंत्री को बुधवार को धूमनगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। उसके खिलाफ रंगदारी मांगने समेत कई मामले दर्ज थे। काफी समय से पुलिस उसकी खोजबीन कर रही थी। बताया जा रहा है कि वह अतीक के गैंग का सक्रिय सदस्य है। वह अतीक के इशारे पर काम करता था। उसके खिलाफ धूमनगंज सहित कई थानों में मुकदमे दर्ज थे। कुछ दिनों पहले पुलिस ने उसके ऊपर 10 हजार का इनाम घोषित किया था।

# शिक्षक संकुल बैठक में निपुण छात्रों ने की शानदार प्रस्तुति

**कौड़िहार द्वितीय के प्राथमिक विद्यालय भीटी में हुई शिक्षक संकुल की बैठक, जिलाध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव व ब्लॉक अध्यक्ष मसूद आलम समेत एआरपी ने दिया उद्बोधन**



प्रयागराज। बेसिक स्कूलों की भौतिक एवं शैक्षिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए प्रतिमा होने वाली शिक्षण संकुल की बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं ब्लॉक के एआरपी ने अपने विचार व्यक्त किया। कक्षा को जहां शानदार टीएलएम से सजाया गया था। वहीं निपुण छात्र एवं छात्राओं की उम्दा प्रस्तुति ने खूब वाह वाई बटोरी। बैठक की तैयारी को लेकर विद्यालय को आकर्षक रूप में सजाया गया था।

प्रयागराज के कौड़िहार द्वितीय (भगवतपुर) स्थित कटहुला संकुल के प्राथमिक विद्यालय भीटी में शिक्षक संकुल की बैठक आयोजित हुई। जिसमें एनपीआरसी के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। बैठक में टीएलएम मेला लगाया गया। विद्यालय के निपुण छात्र एवं छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। जिन्हें माला पहनकर सम्मानित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया गया। बट विद्यालय की कक्षाओं को थ्रीडी टीएलएम से सुसज्जित किया गया था। कार्य के प्रति विद्यालय स्टाफ की प्रतिबद्धता जहां प्रेरणा स्रोत बने, वहीं शिक्षक संकुलों ने अपने विद्यालयों का प्रेजेंटेशन किया। नवाचार के माध्यम से पठन-पाठन को दिलचस्प बनाने के तरीके की भी प्रस्तुति की गई। शिक्षक संकुल आकांक्षा शंखधर ने नैट परीक्षा और निपुण बच्चों की तैयारी को लेकर बेहतरीन तकनीक पेश की। यूपीएस भीटी की अध्यापिका प्रियंका पांडे ने हृदय और लाल व श्वेत रक्त कणिकाओं पर आधारित प्रस्तुति की। सीनियर एआरपी जय सिंह ने उक्त कार्यक्रम की बारीकी से समीक्षा करते रहे। उत्तर प्रदेश का प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव, ब्लॉक अध्यक्ष मसूद आलम, एआरपी प्रभा शंकर शर्मा, अजमल अमीन अंसारी, विष्णु मिश्रा अवनीश सिंह ने भी बैठक को संबोधित किया। ब्लॉक मंत्री राजेंद्र कनौजिया, सुरेंद्र समेत तमाम शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शामिल रहे।

### विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण-2024 के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षदेव पाण्डेय की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण एवं स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी सम्बंधित विभागों को नए मतदाता बनाये जाने हेतु विभागीय कार्ययोजना बनाकर शनिवार तक प्रस्तुत करने एवं उसका अनुपालन कराये जाने के लिए कहा है। बैठक में नोडल स्वीप/ जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह ने बताया कि निर्वाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने हेतु निर्वाचन आयोग का चौथा चरण 2022-23 से प्रारम्भ हुआ है, जिसका प्रथम मुख्य बिंदु पुनरीक्षण अभियान के द्वारा अधिक से अधिक मतदाता बनाया जाना है। इसके लिए निर्वाचन आयोग के द्वारा अर्हता दिनांक 01.01.2024 के आधार पर समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम का विशेष अभियान निर्धारित किया गया है, जिसके क्रम में दावे और आपत्तिया प्राप्त करने की अवधि 27.10.2023 से 09.12.2023 तक निर्धारित की गयी है, तथा विशेष पुनरीक्षण अभियान की तिथियां 25.11.2023, 26.11.2023, 02.12.2023 एवं 03.12.2023 निर्धारित है, इन विशेष तिथियों पर लोग अपने नजदीकी केन्द्रों पर पहुंचकर अपना पंजीकरण करायें। बैठक में बताया गया कि निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से भी लोग स्वयं ही एप के माध्यम से अपना रजिस्टेªशन कर सकते है, जो कि पूर्णतः निःशुल्क है। जिन छात्र-छात्राओं का रजिस्टेशन अभी तक नहीं हुआ है, उनका रजिस्टेशन कराये जाने हेतु कहा गया है। दावे और आपत्तियों का निस्तारण 26.12.2023 तथा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन की तिथि 05.01.2024 है। बैठक में बताया गया कि मतदाताओं को बूथ लेवल अधिकारियों व सुपरवाईजरों, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेण्ट, इलेक्टोरल लिटेज्सी क्लब, वोटर अवेयरनेस फोरम, प्रिंट मीडिया, फेसबुक, इंस्टाग्राम इत्यादि सोशल साइट्स व अन्य प्रचार-प्रसार के माध्यमों एवं स्कूल व कॉलेजों में एन0एस0एस0 कैडेट्स के माध्यम से विशेष अभियान चलाकर उन्हें रजिस्टेशन कराये जाने हेतु जागरूक किया जायेगा। इसके साथ ही 18-19 वर्ष के भावी युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम सम्मिलित किए जाने एवं महिला व दिव्यांग मतदाताओं की संख्या को बढ़ाने हेतु विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए गए है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला पंचायतीराज अधिकारी को प्रत्येक गांव में खुली बैठक आयोजित कराने के लिए कहा गया है, जिसमें 18-19 साल के युवक-युवतियां अवश्य सम्मिलित रहे। उन्होंने यातायात विभाग को चौराहों पर लगे साउण्ड सिस्टम में व नगर निगम को कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों में लगे साउण्ड के माध्यम से नए मतदाता बनाने हेतु संदेश को प्रसारित कराने के लिए कहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड की पॉलिसी संख्या 311914338 में शिवानी बचपन का नाम दर्ज है जो गलत है मेरा सही नाम शिवांगी दुबे पुत्री दिनेश कुमार दुबे ग्राम व पोस्ट दारानगर है मेरा सही नाम शिवांगी दुबे पुत्री दिनेश कुमार दुबे समझा जाए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड में मेरे पुत्र की पॉलिसी संख्या 205650767 में घर में पुकारने वाला नाम शिवाय केसरवानी के नाम से पॉलिसी लिया गया था सही नाम लवीश कुमार पुत्र राकेश कुमार, नगर पंचायत सिराथू कौशांबी है। सही नाम लवीश कुमार पुत्र राकेश कुमार समझा जाए।

# सामाजिक विषमता को शिक्षा के द्वारा ही खत्म किया जा सकता है: डॉ रीता जोशी

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** नैनी यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई), नैनी द्वारा यूनाइटेड ऑडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम यूनाइटेड यूथ पार्लियामेंट (यूवाईपी) का समापन बुधवार को कुछ महत्वपूर्ण प्रस्तावों के पारित होने और पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद और शिक्षाविद् डॉ. रीता बहुगुणा जोशी मुख्य अतिथि थीं। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने यूनाइटेड यूथ पार्लियामेंट का आयोजन करने और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए छात्रों की प्रशंसा की। डॉ. जोशी ने छात्रों को भारतीय संविधान और कानून के महत्व के बारे में भी बताया। महिला आरक्षण पर चर्चा करते हुए कहा कि समाज में अभी भी सामाजिक विषमता व्याप्त है। इसे केवल शिक्षा के जरिए ही खत्म किया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को यूसीईआर के प्राचार्य प्रो एच पी शुक्ला द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) को सत्र में नारीवाद, फर्जी आरोप, दहेज, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा और असमानता से संबंधित मुद्दों को गंभीरता से उठाया गया। सांसद हेमा मालिनी की भूमिका में साक्षी सिंह ने कहा कि महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए लम्बी लड़ाई लड़ी है। कहा कि उन्हें आसानी से नहीं मिला है। इसी तरह, एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा की भूमिका में सृष्टि अग्रवाल ने असमानता पर अपने विचार साझा किए, रवीश कुमार के रूप में संस्कार अग्रहरि ने दहेज पर, सानिया नेहवाल के रूप में प्रांजल सिंह ने नारीवाद और छेड़छाड़ पर और जया बच्चन के रूप में श्रद्धा द्विवेदी ने महिला अधिकारों पर जागरूकता फैलाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन पर अपने विचार साझा किए। जहां सुष्मिता सेन की भूमिका में पंखुड़ी पंकज श्रीवास्तव ने महिलाओं को छेड़छाड़ और उनके खिलाफ हिंसा से बचाने के लिए कानूनों के बारे में जागरूकता फैलाने का सुझाव दिया, वहीं आईपीएस किरण बेदी की भूमिका में अनुष्का गोयल ने महिलाओं के लिए कानूनों में संशोधन के बारे में बताया। इसी तरह, सांसद महुआ मोइत्रा के रूप में मोनिका गुप्ता ने अच्छे और बुरे स्पर्श पर बात की और प्राथमिक स्तर से इसकी शिक्षा की वकालत की, जबकि स्मृति ईरानी के रूप में तान्या थापा ने महिलाओं को जरूरत पड़ने पर तुरंत कानूनी सहायता प्रदान करने का सुझाव दिया। यूजीआई के उपाध्यक्ष सतपाल गुलाटी ने यूआईटी के प्राचार्य प्रो संजय श्रीवास्तव एव अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में यूनाइटेड यूथ पार्लियामेंट के प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। सांसद सुधांशु त्रिवेदी की भूमिका में रहे आयुष कुमार तिवारी और विधायक शिवपाल यादव की भूमिका में रहे अमन पांडे को बेस्ट डेलीगेट का पुरस्कार दिया गया, सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की भूमिका में शुभांशु सिंह यादव को हाई कमीशन पुरस्कार के लिए चुना गया, अंकिता गुप्ता को बीजेपी प्रवक्ता का पुरस्कार दिया गया. ऑल इंडिया पॉलिटिकल पार्टी मीट (एआईपीपीएम) श्रेणी के तहत नूपुर शर्मा को स्पेशल मेंशन अवॉर्ड और सांसद रेणुका सिंह की भूमिका में सृष्टि सिंह को वर्बल मेंशन अवॉर्ड दिया गया। इसी तरह, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष के निजी सचिव यशपाल सिंह की भूमिका में यश सिंह को सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि पुरस्कार के लिए चुना गया, न्यायमूर्ति राजीव शकधर की भूमिका में शिवम मणि त्रिपाठी को उच्च आयोग पुरस्कार दिया गया, अनुष्का गोयल को सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि पुरस्कार दिया गया। पूर्व आईपीएस किरण बेदी की भूमिका को स्पेशल मेंशन पुरस्कार और मोनिका गुप्ता को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया और सांसद महुआ मोइत्रा की भूमिका में मोनिका गुप्ता को एनसीडब्ल्यू श्रेणी के तहत वर्बल मेंशन पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, उपाध्यक्ष ने सभी प्रतिभागियों को दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने और महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा करने के लिए बधाई दी। इस मौके पर युवा संसद में आर्थिक आधार पर आरक्षण देने और सभी को प्राथमिकता के आधार पर शिक्षा मुहैया कराने समेत कुछ प्रस्ताव भी पारित किये गये। डीन, कॉरपोरेट एण्ड इंडस्ट्री रिलेशन्स, यूजीआई डॉ दिव्या बरतरिया ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मडफाकला विकास खण्ड - कोरांव, प्रयागराज**

पत्रांकः मेमो/ग्रा. पं.-निविदा/2023-24 — **निविदा सूचना** — दिनांक 22.11.2023

पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त योजना, SLWM मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत—मडफाकला के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से अद्योलिखित विवरण के अनुसार कार्य कराने हेतु दिनांक 22.11.2023 से दिनांक 01.12.2023 तक सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 02.12.2023 को सायं 3 बजे गठित कमेटी के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र 10 रू0 के स्टाम्प पेपर के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत अधिकारी का होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्तों की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 | कार्य का विवरण | निर्माण लागत | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्टपिट | 17800 | 2 माह |
| 2. | कचरा वाहन साईकिल ई–रिक्शा | 160000 | – |
| 3. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र | 509000 | 3 माह |
| 4. | हैण्डपम्प सोकपिट | 89700 | 1 माह |
| 5. | सामुदायिक नाडेप कम्पोस्टपिट | 78000 | 1 माह |
| 6. | सामुदायिक संस्थागत इंसिनेटर भस्मक | 15000 | – |
| 7. | सामुदायिक एवं संस्थागत हेतु सोकपिट | 897000 | 2 माह |

पुष्पा देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मडफाकला
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

सुनील कुमार सरोज
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मडफाकला
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

# राम-भरत का मिलन देखकर सजल हुए लोगों के नयन

## पट्टी का ऐतिहासिक भरत मिलाप सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी के ऐतिहासिक दशहरे मेले की अंतिम रात मंगलवार से शुरू हुआ ऐतिहासिक भरत मिलाप बुधवार की सुबह से कुशल संपन्न हुआ प्रशासनिक अधिकारियों तथा पट्टी कोतवाल अर्जुन सिंह एवं मेला प्रभारी कन्हैयालाल ने पुलिस महकमा की सतर्कता से कोई भी बवाल नहीं हुआ जिससे चर्च का विषय बना हुआ था और पट्टी नगर वासियों तथा आसपास के क्षेत्र के लोगों के उत्साह और उल्लास के बीच बहुत ही शानदार तरीके से भरत मिलाप संपन्न हुआ।

पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने आरती किया राम और भरत आपस में मिले तो सबकी आंखें सजल हो गई। और जय श्री राम के नारों से पट्टी नगर गूज उठा। पट्टी ऐतिहासिक दशहरे मेले के तीसरे दिन भरत मिलाप पूरे पट्टी नगर में झांकी के साथ निकाला गया श्री रामलीला समिति के तत्वाधान में कार्यक्रम पूरी रात झांकियां से कलात्मक चैकिया से गुलजार रहा। इस दौरान पट्टी नगर में पुलिस कर्मी पुरी तरीके से मुस्ताक दिखाई दिए किसी भी प्रकार की अराजकता और अव्यवस्था से निपटने के लिए पुलिसकर्मी चप्पे-चप्पे पर तैनात दिखाई दिए इस अवसर पर पट्टी पट्टी के ऐतिहासिक भरत मिलाप की सुरक्षा व शांति व्यवस्था को लेकर एसडीएम पट्टी देश दीपक सिंह,सीओ रानीगंज ,मेला प्रभारी कन्हैयालाल, तहसीलदार मनोज कुमार, नायाब तहसीलदार पवन कुमार सिंह, कोतवाल अर्जुन सिंह,एसडीओ एसबी प्रसाद, जेई जयराज राजपूत,जेई आमित पाल,आदि प्रशासन के लोग उपस्थित रहें। पट्टी ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह,भाजपा वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश त्रिपाठी व पट्टी नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल एवं श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष जुग्गीलाल जायसवाल, प्रबन्धक सुरेश कुमार जायसवाल, महामंत्री अशोक श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पंकज खंडेलवाल, उपाध्यक्ष राम प्रकाश जायसवाल, उपाध्यक्ष अवधेश सिंह,उपाध्यक्ष रामचंद्र जायसवाल, उप प्रबंधक अखिलेश जायसवाल,सह प्रबंधक रमेश सोनी,सह प्रबंधक प्रमोद खंडेलवाल,सह प्रबंधक राम चरित्र वर्मा, आय व्यय निरीक्षक लाल चंद्र मोदनवाल, सहमंत्री बृजेश सिंह, प्रचार मंत्री चंद्रकेश सिंह, सह प्रचार मंत्री राम सजीवन सोनी,विधिक सलाहकार अनिल श्रीवास्तव, विधिक सलाहकार वरुण कुमार पांडेय अधिवक्ता, मंत्री सत्यनारायन खंडेलवाल, संरक्षक राकेश कुमार सिंह पप्पू सिंह ब्लॉक प्रमुख पट्टी,अशोक कुमार जायसवाल नगर पंचायत अध्यक्ष पट्टी, डॉक्टर के.एल.विश्वकर्मा,अतुल कुमार खंडेलवाल,संरक्षक पूर्व नगर पंचायत पट्टी खेदन लाल जायसवाल,संरक्षक डाक्टर शकील अहमद, मीडिया प्रभारी राजेश दुबे, रामलीला समितश्री रामलीला समिति आई.टी. सेल टीम मनोज कुमार जायसवाल उर्फ राजू, इंजीनियर दुर्गेश जायसवाल, सहित कई लोग मौजूद रहे।




भरत-राम की आरती उतारते पूर्व मंत्री मोती सिंह।

# मंडल के लिए चयनित हुए छह बाल वैज्ञानिक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सरदार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक/ऊप शिक्षा निदेशक प्रतापगढ़ के निर्देश के क्रम में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी 2023 का जनपद स्तर का परिणाम, कुलश्रेष्ठ तिवारी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के कुशल एवं अनुभवी निर्देशन में, फिरोज खान प्रवक्ता विज्ञान एवं सुचिता तिवारी प्रवक्ता डाइट के गहन निरीक्षण के उपरांत संतोष मिश्रा प्रवक्ता एवं बृजेश मिश्रा प्रवक्ता की विशेष देखरेख में घोषित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक/उप शिक्षा निदेशक प्रतापगढ़ तथा प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ ने सफल एवं चयनित बाल वैज्ञानिकों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं मंडल में श्रेष्ठ स्थान पाने की अग्रिम शुभकामना दी।



मण्डल के चयनित बाल वैज्ञानिकों के साथ शिक्षकगण।

## रोजगार मेले में बेरोजगार अभ्यर्थियों का किया जायेगा चयन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ परिसर में 23 नवम्बर को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों क्रमशः रेडेक्स मैनेजमेन्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सपोर्ट स्टाफ पद, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एरिया आफिसर तथा खण्डेलवाल फूड प्रोडक्ट्स प्रतापगढ़ द्वारा सुपरवाइजर/पैकर्स/हेल्पर के रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन प्रपत्र, मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र, सी0वी0 एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

# नव प्रवेशित प्रशिक्षुओं का अंकुरण समारोह में हुआ स्वागत

## पीबीपीजी कालेज में हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पीबीपीजी कालेज सिटी में डीएलएड 2023 के नव प्रवेशित प्रशिक्षुओं के संस्थान में प्रथम दिवस को यादगार बनाने के लिए प्रवेश उत्सव के रूप में बुधवार को अंकुरण समारोह आयोजित किया गया। सभी का अभिनंदन करते हुए उन्हें संस्थान के विविध आयामों से परिचय कराया गया।

प्राचार्य प्रो0 अमित कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने नव प्रवेशित प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उम्मीद है कि उत्साह, उमंग के साथ अपना डीएलएड पाठ्यक्रम 2023-25 पूर्ण करेंगे। संस्थान के प्रशिक्षणरत पूर्व प्रशिक्षुओं द्वारा तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर सभी नव प्रवेशित प्रशिक्षुओं का स्वागत किया गया। प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें कविताएं, गीत व भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, वेशभूषा शामिल रहे। चीफ प्राक्टर डा.राजीव कुमार सिंह ने अंकुरण समारोह को लेकर शिक्षक, प्रशिक्षकों एवं सभी प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओं की सराहना किया। बीएड विभागाध्यक्ष डा.भूपाल सिंह ने कहा कि सभी प्रशिक्षु स्वयं को एक निपुण शिक्षक बनाएं। आस - पास के ऐसे बच्चे जो न पढ़ते हों उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित करें। विभागाध्यक्ष अजीत सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। संचालन सुनीत कुमार सिंह ने किया। सहदेव सिंह, कृष्ण कुमार शर्मा, अवनीश सिंह,प्रिया सिंह आदि मौजूद रहे।



अंकुरण समारोह में बोलते प्राचार्य प्रो0 अमित कुमार श्रीवास्तव।

# मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपाईयों ने बांटे कम्बल व फल

## सपा कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा में जुटे सपाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक एवं पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती सपाइयों द्वारा सादगी के साथ मनाया गया। पार्टी कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा के आयोजन के साथ गरीब, असहायों में जहां कम्बल का वितरण किया गया, वहीं मेडिकल कॉलेज में मरीजों को फल वितरित किया गया।

पार्टी कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में की अध्यक्षता सपा उपाध्यक्ष आशुतोष पांडेय व संचालन महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। इस मौके पर सपाइयों ने सामूहिक रूप से नेता जी मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प व माल्यार्पण कर उन्हें नम आंखों से याद किया। इस मौके पर ने उपास्थित वक्ताओं ने कहा कि नेता जी आज हमारे बीच नहीं रहे, किंतु उनकी यादें जीवंत है।

वक्ताओं ने कहा कि एक साधारण किसान परिवार में जन्में नेता जी ने अपनी संघर्ष क्षमता के दम पर राजनीति के शिखर पुरुष की यात्रा तय की। उत्तरप्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री और देश के रक्षा मंत्री रहे। नेता जी राजनीति के अजात शत्रु थे। गरीब, मजदूर, किसान, नौजवान के हित के लिए आजीवन कार्य किया। वक्ताओं ने कहा कि जो भी नेता जी से मिला उनका मुरीद हो गया। नेता जी की मौजूदगी कार्यकताओं में भरपूर ऊर्जा का संचार कर देती थी। सपाइयों ने कहा कि नेता जी से हम सभी कार्यकताओं ने अन्याय के खिलाफ संघर्ष करना सीखा। उनके बतायें रास्ते पर चलकर ही समाजवाद की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। इसके पूर्व सपा नेता व पूर्व एमएलसी एसपी सिंह पटेल के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद जीएस पटेल ने पार्टी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों संग मेडिकल कॉलेज में मरीजों में फल वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन जिलानी ने किया। इस मौके पर पूर्व विधायक नागेन्द्र सिंह मुन्ना यादव, गुलफाम खान, अहमद अली, आर के भीम, राम बहादुर पटेल, महिला सभा अध्यक्ष शांति सिंह, अश्वनी सोनी, वकार अहमद, रमेश पाठक, सफात खान, निसार अहमद, अमीरुल हसन, मनीष पाल, जियाउल हसन, हरीश शुक्ल, जगदीश मौर्य, लल्लू बाली, उदय सरोज, उर्मिला यादव, राजकुमारी, मानवेन्द्र, शिवकुमार सहित आदि सपाइयों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण करते सपाई।

## परियावां बाजार में आये दिन जाम लगने से परेशानी

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र मे बुधवार को नवाबगंज बाजार पड़ने के कारण पैकगंज बाजार मे दोपहर लगभग 3 बजे भीषण जाम लग गया, जिसमें स्कूल की बसें व रेलवे की गिट्टी की ढुलाई करने वाले डम्फर के साथ ई रिक्शा के आवागमन के चलते जाम लग गया जो बहाल होने मे आधा घंटे हो गये। इस दौरान दो पहिया मोटरसाइकिल व साईकिल सवार लोगो के साथ पैदल आने जाने वालो को बड़ी दिक्कतो का सामना करना पड़ा रोज रोज के जाम मे फसा परियावां बाजार मे जाम के दौरान पुलिस कर्मी नजर नही आये जब की स्टेट बैक परियावां मे दो पुलिस कर्मी बैंक सुरक्षा डियूटी मे मौजूद रहे जो जाम देख कर पहले तो खड़े होकर जाम खुलवाने का प्रयास किया लेकिन लम्बा जाम देखकर वापस बैंक के अंदर चले गये। लगभग आधा पौन घंटा बाद दुकानदारों के प्रयास से जाम खत्म हुआ इस दौरान पैदल चलने वाले राहगीर परेशान रहे।

# मतदाता जागरुकता के क्रम में न्यू एंजिल्स में कराई गई पेंटिंग प्रतियोगिता

## विद्यार्थियों को दिलाई गई मतदाता जागरुकता की शपथ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लोकतंत्र का मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज बुधवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के आदेशानुसार अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ त्रिभुवन विश्वकर्मा व उप शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़/नोडल अधिकारी स्वीप प्रतापगढ़ सरदार सिंह द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल फुलवरिया प्रतापगढ़ सहित जनपद के शिक्षण संस्थाओं में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित स्टाफ व विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई गई एवं एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु 25 व 26 नवम्बर और तीन दिसम्बर को आयोजित विशेष अभियान के बारे में जागरूक किया गया। न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल फुलवरिया में प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़/स्वीप इंचार्ज व नोडल अधिकारी स्वीप विधानसभा सदर डॉ मो अनीस के संयोजन में तथा संस्था की निदेशक डॉ शाहिदा व प्रधानाचार्य बीके सोनी के प्रबंधन में सभी उपस्थित स्टाफ तथा विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई गई और मतदाता जागरूकता के संबंध में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आरके सिंह, विवेक ओझा, रमेश, पूनम श्रीवास्तव, मंजू मिश्रा, अभिषेक, रवि सिंह, एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।




मतदाता जागरुकता की शपथ दिलातीं न्यू एंजिल्स की निदेशक डा0 शाहिदा।

## ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन की बोगी के बीच में सांड फंस जाने से ट्रेन आउटर सिंग्नल पर खड़ी

### ट्रेन के इंजन की चपेट मे आने से सांड की कटकर मौत

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक पर बुधवार की सुबह लगभग 10 बजकर 20 मिनट पर कानपुर से प्रयागराज संगम को जा रही 14218 डाउन ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन के सामने परियावां इंटर कालेज के सामने अचानक सांड ट्रेन के इंजन से टकरा कर बोगी के नीचे फस गया जिससे ट्रेन आऊटर सिंग्नल के पास ईदगाह गांव के सामने ड्राइवर ने ट्रेन खड़ी कर दिया ट्रेन के इंजन से चैथे नंबर एसी-2 बोगी मे सांड के फसने से ट्रेन आगे बढ़ नही पा रही थी।

मामले की जानकारी ट्रेन के ड्राइवर ने वाकी टाकी से गार्ड व परियावां स्टेशन मास्टर चेतन शुक्ला को अवगत कराया इस दौरान परियावां बाजार का रेलवे 35 सी फाटक के बन्द रहने से दोनो तरफ वाहनों की लम्बी लाइन लग गई ट्रेन के ड्राइवर व गेटमैन यात्रियों की कड़ी मशक्कत के बाद बोगी के नीचे मरे पड़े।

सांड को बांस व रस्सी के सहारे इधर उधर खिसका कर रेलवे ट्रैक के बीचो बीच किया गया उसके बाद ड्राइवर ने ट्रेन को धीरे धीरे परियावां स्टेशन के लिए आगे बढ़ाया लगभग 20 से 25 मिनट तक ट्रेन खड़ी रही। ट्रेन के जाने के बाद रेलवे फाटक खोला गया तब कही जा कर वाहनों का जाम खत्म हुआ और लोगो को राहत मिली। संयोग अच्छा था कि ट्रेन की स्पीड परियावां स्टेशन पर रुकने के लिए कम थी ट्रेन आऊटर सिग्नल पार कर चुकी थी। यदि यही घटना बीच मे किसी जगह रेलवे ट्रैक पर होती तो कोई बड़ा हादसा होने से इंकार नही किया जा सकता था क्योकि आवारा पशु सांड काफी भारी भरकम शरीर का था। इस दौरान रेल मोहकमा मे अफरा तफरी मची रही ट्रेन के गुजरने के बाद राहत की सांस ली।

# बिजली के तारों से दुर्घटना की आशंका को लेकर वकीलों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील परिसर में लटक रहे विद्युत तारों की समस्या को लेकर वकीलों ने बुधवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। वकीलों ने सौंपे गये ज्ञापन में कहा है कि तहसील परिसर के नेशनल हाइवे से लगे गेट संख्या एक तथा गेट संख्या दो के समीप निर्मित वादकारी शेडो में छत के ऊपर से एचटी लाइन का तार गुजर रहा है। यह तार छत के करीब जगह जगह लटक गये हैं। इससे जानलेवा दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि कई बार बिजली विभाग के अफसरो से शिकायत की गयी किन्तु समस्या का समाधान नही कराया गया।

उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी हाल की छत के ऊपर भी बिजली का यह तार दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। संघ के उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह व महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल की अगुवाई में सौंपे गये ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि बिजली के खराब प्रबंधन से परिसर में लगे वॉटर एटीएम में करंट भी उतर आया करता है। कुछ महीने पहले एक संविदा विद्युतकर्मी की वॉटर एटीएम ठीक करते समय करंट की चपेट में आने से मौत भी हो गयी थी। एसडीएम लालधर सिंह यादव ने अधिशाषी अभियंता विद्युत से वार्ता कर समस्या के समाधान कराए जाने का वकीलों को भरोसा दिलाया है। ज्ञापनदाताओं में बाबू अवधेश सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, सुमित त्रिपाठी, सुरेश मिश्र, शिव प्रसाद यादव, विकास मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।

# राष्ट्रीय दंगल में दिल्ली के अशोक पहलवान ने हासिल किया विजेता का खिताब

## विजेता पहलवानों को विधायक पुत्र राघव ने पुरस्कृत कर किया हौंसला आफजाई

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अठेहा क्षेत्र के सेमरा में राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता में दिल्ली के अशोक पहलवान को चैम्पियन खिताब हासिल हुआ। अशोक पहलवान ने राजस्थान के बग्गा पहलवान को कुश्ती के रोमांचक करतब के प्रदर्शन के साथ चित्त कर दिया।

दंगल प्रतियोगिता में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की ओर से विधायक पुत्र राघव मिश्र ने बतौर मुख्यअतिथि विजयी पहलवानों को पुरस्कृत किया। आयोजन समिति की ओर से चैम्पियन खिताब हासिल करने वाले अशोक पहलवान को इक्कीस हजार रुपए प्रोत्ससाहन राशि प्रदान की।

बतौर मुख्यअतिथि राघव मिश्र ने कहा कि दंगल के जरिए नौजवानों को भारत के पुराने खेलों के प्रति जागरूकता मिला करती है। समापन समारोह में सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व संचालन संयोजक अनवारूल खान ने किया। वहीं राष्ट्रीय दंगल में अयोध्या के बाबा पहलवान, देवाशरीफ के सुल्तान बाबा, बांदा के फैजल, नेपाल के गूगा तथा भापा पहलवान वहीं बांदा के काली घटा तथा घंघोर घटा व हरियाणा के राजू पहलवान ने हजारों की संख्या में मौजूद दर्शकों को कुश्ती के एक से बढ़कर एक दांव दिखलाये।

पहलवानों के रोमांचक कुश्ती के दांव देख दर्शकों ने वाहवाही भी की। संयोजक अनवारूल खान ने कहा कि सेमरा का यह दंगल पहलवानों के प्रदर्शन के जरिए युवाओं को शारीरिक स्फूर्ति बनाए रखने का संदेश दिया करता है। इस मौके पर प्रधान लव सिंह, संजय, जिपंस प्रतिनिधि अशोकधर द्विवेदी, राजू मिश्र, रोहित सिंह, प्रभात ओझा, आशीष उपाध्याय, देवतादीन, शहबान हसन, शोहराब आदि रहे। वहीं दंगल के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने बगल के मैदान में लगे मेले का भी लुफ्त उठाया।

## दिव्यांग निर्वाचन नामावली में नाम कराएं शामिल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निदेशानुसार विधानसभावार छूटे हुये दिव्यांग मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के निर्देश दिये गये है यदि किसी दिव्यांग मतदाता का नाम निर्वाचन नामावली में शामिल नही है तो बी0एल0ओ0 से सम्पर्क कर फार्म-6 भरकर सम्बन्धित तहसील में जमा कर सकते है जिससे निर्वाचन कार्ड बनाया जा सके।

## शॉर्ट सर्किट से मोबाइल की दुकान में लगी आग, 25 लाख का सामान रख

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के जेल रोड पर मंगलवार रात बिजली की सर्किट से मोबाइल की दुकान में लगी आग से करीब 25 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने देर के मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। जेल रोड निवासी सलमान अहमद घर के सामने ही मोबाइल की दुकान चलाता है। वह मोबाइल पार्टस का थोक कारोबारी ही है। मंगलवार रात करी मिठाई बजे दुकान से आग की लपटें देख सलमान को जानकारी हुई तो उसके घर के लोग भी मौके पर पहुंच गए। करीब 3 बजे सदर फायर ब्रिगेड टीम पहुंची तो आग की लपटें ऊपर उठ रही थीं। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी राधेश्याम दुबे के नेतृत्व में राजबहादुर पाल, जगन्नाथ आर्य, ज्ञानचंद सरोज, रवींद्र कुमार त्यागी,ओंकारनाथ यादव आदि ने काफी देर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आसपास की दुकानों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। सलमान अहमद ने बताया कि आगे से उसका करीब 25 लाख रुपए का सामान जला है।

# परिजनों ने किराना व्यवसायी के शव का अंतिम संस्कार करने से किया इंकार

## अधिकारियों के पहुंचने पर शांत हुआ मामला

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र की रामगंज बाजार में सोमवार की रात किराना व्यवसाई दिलीप जायसवाल की प्रेम प्रसंग के चलते विजातीय लोगों द्वारा की गई निर्मम हत्या के मामले में आज उस समय हड़कंप गया जब अंत्य परीक्षण के पश्चात परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। सूचना मिलते ही अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए।

आनन फानन में भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ उपजिलाधिकारी सदर मौके पर पहुंचे और मान मनौवल करने लगे। काफी जद्दोजहद के बाद परिजन सशर्त शव दफनाने पर राजी हुए। गांव में भारी भीड़ के बीच घंटों अफरा तफरी का माहौल बना रहा। पीड़ित पक्ष ने प्रशासन से लिखित आश्वासन लिया कि उन्हें उचित आर्थिक सहायता के साथ परिवार के भरण पोषण के लिए भूमि का पट्टा दिया जाय तथा आरोपियों द्वारा कब्जा की गई सरकारी जमीन से तत्काल उन्हें बेदखल किया जाय। पीड़ित पक्ष जेठवारा थानाध्यक्ष अभिषेक सिरोही की कार्यशैली व व्यवहार पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उन्हें तत्काल स्थानांतरित कर दूसरे अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराने की भी मांग किया। मांग पत्र पर अपने हस्ताक्षर कर एस डी एम सदर ने संबंधित अधिकारियों को अविलंब कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। बता दें कि सोमवार की रात युवक दिलीप जायसवाल की गला दबाकर हत्या की गई थी और शव को फांसी के फंदे पर लटकाया गया था।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोप, पिता ने दिया नामजद तहरीर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शौच के लिए घर से निकली एक किशोरी को गांव तथा पड़ोसी गांव के चार युवको ने दबोच लिया और वहां में ले जाकर बारी-बारी से जंगल में दुष्कर्म किया। किशोरी को मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी भी दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी बीते 18 नवंबर को शौच के लिए शाम के समय निकली थी। उसी समय गांव तथा पड़ोसी गांव के चार लोग चार पहिया वाहन से किशोरी को दबोच लिए और पास के एक जंगल में ले जाकर चारों ने उसके साथ दुष्कर्म किया जिससे किशोरी बेहोश हो गई, होश आने पर उसे आरोपियों ने उसके घर के समीप छोड़ दिया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दिया। किशोरी घर पहुंची और आपबीती बताई। पीड़ित के पिता परदेश थे सूचना पाकर घर लौटने पर बुधवार को इस संबंध में कोतवाली पट्टी में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# परिवार कल्याण कार्यक्रमों में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर डीएम ने प्रकट की नाराजगी

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 96 प्रतिशत लाभार्थियों का भुगतान किया जा चुका है, जिस पर जिलाधिकारी ने शेष लाभार्थियों का भी भुगतान शीघ्र कराने के निर्देश दियें। उन्होंने संस्थागत प्रसव में अपेक्षित प्रगति लाने तथा जननी सुरक्षा योजना के तहत आशाओं का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि 01 अप्रैल 2023 से अब

### डीएम ने की जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक




तक आशाओं द्वारा कराये गये संस्थागत प्रसव की विस्तृत समीक्षा किया जाय, समीक्षा में लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित आशाओं के विरूद्ध कार्यवाही किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि वीएचएसएनडी सेशन पर आवश्यक सामग्री लेकर न जाने वाली/लापरवाही बरतने वाली एएनएम को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने रोगी कल्याण समिति की समीक्षा के दौरान अपेक्षित व्यय न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि नियमानुसार मदों में व्यय में प्रगति लायी जाय। बैठक में जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता आकाश दीप ने बताया गया कि संयुक्त जिला चिकित्सालय, कौशाम्बी में अन्य जनपदों की 300 गर्भवती महिलाओं के प्रसव हुए है, जिसमें से जनपद फतेहपुर की 165, जनपद चित्रकूट की 78, जनपद प्रयागराज की 38 तथा अन्य जनपदों के 19 सम्मलित हैं। डीएम ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को माइक्रोप्लॉन बनाकर नियमित टीकाकरण में प्रगति लाने तथा आरसीएच पोर्टल, ई-कवच एवं मंत्रा ऐप पर शत-प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने मातृ-मृत्यु सूचना एवं आडिट की समीक्षा के दौरान जिला समन्वयक, यूनिसेफ से कहा कि विगत 05 वर्षों में हुई मातृ मृत्यु केसों का विस्तृत अध्ययन कर आख्या उपलब्ध करायी जाय। उन्हांने पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत नियमित रूप से अल्ट्रासाउण्ड सेन्टरों की जॉच करने के भी निर्देश दियें। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत माह अक्टूबर में कुल 2543 गर्भवती महिलाओं की जॉच की गई, जिसमें 211 अति जोखिमग्रस्त गर्भवती महिलाओं का भी उपचार किया गया। बैठक में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक कुल 4 लाख 60 हजार से अधिक गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुकें हैं, जिस पर जिलाधिकरी ने जिलापूर्ति अधिकारी एवं जिला पंचायतराज अधिकारी से समन्वय कर गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दियें।जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, मातृ-मृत्यु सूचना एंव आडिट, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग कार्यक्रम एवं क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम आदि की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार, सीएमएस सुनील शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एसपी ने महिला थाना सहित चार इंस्पेक्टर को किया लाइन हाजिर

### 3 इंस्पेक्टर और 2 एसआई के कार्यक्षेत्र में किया परिवर्तन

**कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए जनपद के विभिन्न थाना में तैनात महिला इंस्पेक्टर सहित 4 थाना प्रभारियों को एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने लाइन हाजिर कर दिया है,वही 3 इंस्पेक्टर और 2 एसआई के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है एसपी ने कोखराज थाना प्रभारी विनोद मौर्य,पिपरी थाना प्रभारी श्रवण कुमार सिंह,मोहब्बतपुर पैंसा थाना प्रभारी रमाशंकर सरोज और महिला थाना प्रभारी गायत्री सिंह को लाइन भेजा है। वही एसपी ने पुलिस लाइन में तैनात रहे इंद्रदेव को कोखराज का प्रभारी बनाया है,अतिरिक्त इंस्पेक्टर मंझनपुर दिनेश परिहार को पिपरी थाना का प्रभारी बनाया है,रवींद्र श्रीवास्तव को पुलिस लाइन से क्राइम ब्रांच भेजा है, एसआई नीलम राघव को महिला आयोग सेल से महिला थाना का प्रभारी बनाया है,मंझनपुर के नारा में तैनात एसआई बृजेश करवरिया को मोहब्बतपुर पैंसा थाना का प्रभारी बनाया है,वही एसआई बृजेंद्र सिंह को थाना सैनी से कौशाम्बी थाना का एसआई बनाया है।

## बच्चियों को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

**महगाव कौशांबी।** बच्चियों को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला युवक पुलिस के हफ्ते चढ़ गया है युवक पर आरोप है कि राह चलते वह महिलाओं से अश्लीलता और छेड़खानी भी करता है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बड़ी धन्नी गांव निवासी अनवर अहमद उर्फ मुन्ना पुत्र मोहम्मद इस्लाम पर अपराध संख्या 287 सन 2023 गंभीर धाराओं में दर्ज है पुलिस अभियुक्त की तलाश कर रही थी मूरतगंज मेला बाग के पास से 22 नवम्बर की रात्रि को संदीपन घाट पुलिस ने वांछित अभियुक्त अनवर अहमद को गिरफ्तार किया है और लिखा पढ़ी करने के बाद अदालत में पेश किया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन को झण्डी दिखाकर किया रवाना

**कौशाम्बी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन को सांसद विनोद कुमार सोनकर एवं जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने बुधवार को विकास भवन परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। वैन जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में जाकर केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी आमजन तक पहुँचायेंगी। विकास भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने देशवासियों के समक्ष एक संकल्प रखा है, जब देश आजादी का 100वॉ वर्ष मनायें अर्थात वर्ष-2047 तक देश को विकसित देश बनाना है। वैन जनपद के ग्राम पंचायतां में जाकर केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से आमजन को जागरूक करेंगी। ग्राम में ग्राम चौपाल का आयोजन कर पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जायेंगा तथा लाभान्वित लोगों से फीडबैक लिया जायेंगा, कि योजना के लाभ से उनके जीवन स्तर में क्या परिवर्तन आया है। लोगों को विकसित भारत हृसंकल्पह्न दिलाया जायेंगा। इन कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित कराने के लिए जनपद स्तर पर समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों को शौचालय की



सुविधा, उज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं आयुष्मान भारत योजना आदि योजनाओं से लाभान्वित किया गया है/किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद में आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक 4 लाख 60 हजार से अधिक पात्र लोगों का गोल्डेन कार्ड बनाया जा चुका है। आयुष्मान भारत योजना के तहत जनपद के 12 हजार से अधिक लोगों ने निःशुल्क उपचार कराया है, जिस पर सरकार का -11 करोड़ रुपए से अधिक धनराशि व्यय हो चुकी है। उन्होंने जनपदवासियों से आवाह्न किया है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम से जुड़कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान करे इस अवसर पर पूर्व विधायक शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महामाया राजकीय महाविद्यालय में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

### सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी तारकेश्वर मल्ल ने कहा कि सड़क हादसे चिन्ता जनक है हमें सड़क हादसों को लेकर जागरूक होने की जरूरत

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरुकता पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोड सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिता के अन्तर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रत्ना दिवाकर, गौरव मिश्रा,देव कुमार पाण्डेय ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रिंस कुमार बृजेश कुमार एवं खान मुस्कान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में कृतिका पाण्डेय, साहित्य राज , नैंसी सोनकर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डा अरविन्द



कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी तारकेश्वर मल्ल ने कहा कि ''सड़क हादसे चिन्ता जनक है हमें सड़क हादसों को लेकर जागरूक होने की जरूरत है। ड्राइविंग की समझ के अभाव और यातायात नियमों की निरन्तर अवहेलना ने सड़कों को बेहद असुरक्षित बना दिया है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि यह कोई कम आश्चर्य की बात नहीं है कि मोटरवाहन चालकों पैदल चलने वालों साईकिल चालकों और यहाँ तक कि यातायात कार्मिकों को भी यातायात के नियमों की पर्याप्त जानकारी नहीं है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवन कुमार ने कहा कि जिले में प्रत्येक वर्ष सैकड़ों लोगों की मौत सड़क हादसों में होती है। जिनमें अधिकतर युवा होते हैं। जो यातायात के नियमों की जानकारी न होने एवं उसकी अनदेखी करने के कारण दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। महाविद्यालय के सड़क सुरक्षा प्रभारी डॉ सन्तोष कुमार ने कहा कि वाहनों की बढ़ती हुई संख्या ने सड़क सुरक्षा जैसे मुद्दे को प्रासंगिक बना दिया है। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता हेतु निर्णायक मण्डल में डॉ अनिल कुमार, डॉ अजय कुमार डॉ नीलम बाजपेयी, डॉ पवन कुमार, डॉ तरित अग्रवाल,डॉ नीरज कुमार सिंह, डॉ आनन्द कुमार, डॉ अमित कुमार शुक्ल डॉ शैलेश मालवीय , डॉ मनीष एवं साकेत चौधरी मौजूद रहे।उपस्थिति रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित रहें।



## छोटा हाथी में पीछे से इनोवा कार ने मारी टक्कर

**हर्रायपुर कौशांबी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कानपुर रोड पर मूरतगंज बाजार के पास बाइक को बचाने के चक्कर में छोटा हाथी वाहन ने अचानक ब्रेक मार दिया जिससे पीछे चल रहे इनोवा कार ने छोटा हाथी वाहन में टक्कर मार दिया है जिससे इनोवा में सवाल लोग चोटहिल हो गए हैं कानपुर की तरफ से इलाहाबाद की तरफ जा रहे छोटा हाथी वाहन के बाइक को बचाने के चक्कर में सड़क पर ब्रेक लगाते ही पीछे चल रहे इनोवा कार आगे के वाहन छोटा हाथी में टक्कर हो गई है जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं और इनोवा कार में सवार लोग घायल हो गए हैं टक्कर के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पुलिस पहुंच गई है छोटा हाथी वाहन चालक का कहना है कि बाइक को बचाने के चक्कर में इनोवा कार ने पीछे से टक्कर मार दिया है अब सवाल उठता है कि छोटा हाथी चालक इतना अधिक अनियंत्रित होकर वाहन क्यों चला रहा था कि उसे सामने से आने वाले वाहन को बचाने के चक्कर में पीछे के वाहन को उससे टकराना पड़ जाए पुलिस का कहना है कि इस हादसे में किसी को जान माल का नुकसान नहीं हुआ है काफी देर तक मामले को लेकर पुलिस के बीच पंचायत होती नहीं अंत में दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता कर लिया गया है।

## सरकारी स्कूल के खेल के मैदान में हो रही खेती

**कौशाम्बी** परिषदीय विद्यालयों में खेल के मैदान में खेती किए जाने से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को खेलने कूदने का मौका नहीं मिल रहा है जिससे उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है बताया जाता है कि स्कूल के शिक्षक सरकारी स्कूल की जमीन पर खेती करा कर उसकी उपज बेच रहे हैं ताजा मामला विकासखंड कड़ा के अंतर्गत जहांगीराबाद रोड के बगल में स्थित प्राइमरी स्कूल का है विद्यालय के खेलकूद की जमीन पर मूली गाजर पालक की खेती किसानी की जा रही है छात्रों को शिक्षा देने के बजाय खेत की फसल की बेहतरी के लिए शिक्षक अधिक समय दे रहे हैं सरकारी स्कूल के खेल मैदान में खेती करने से तैयार होने वाली उपज की बिक्री से मिली रकम के हिसाब किताब में शिक्षकों का समय व्यतीत हो रहा है जिससे शिक्षण कार्य भी प्रभावित हो रहा है खेल के मैदान में शिक्षकों द्वारा खेती कराए जाने के इस मामले में जांच कराए जाने की मांग ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से की है यदि शिक्षकों की इस कारनामे पर विभागीय अधिकारियों ने जांच कराई तो शिक्षकों के कारनामे का भंडाफोड़ होना तय है।

## बेखौफ तरीके से काटे जा रहे हैं फलदार हरे पेड़

**कौशांबी** सिराथू सर्किल क्षेत्र के कड़ा धाम थाना अंतर्गत फरीदागंज गांव और उसके आसपास बीते 2 महीने से लकड़ी माफिया द्वारा बेखौफ तरीके से हरे फलदार पेड़ काटे जा रहे हैं देखते-देखते इलाके में सैकड़ो हरे फलदार पेड़ काटकर लकड़ी माफिया पेड़ की लकड़ी उठा ले गए हैं लेकिन थाना पुलिस से लेकर वन विभाग के अधिकारी पेड़ों के कटान को रोक नहीं सके हैं सोमवार की रात्रि फिर फरीदागंज गांव में महुआ के विशाल कई पेड़ काट दिए गए हैं लकड़ी माफिया यासीन की चर्चा जोरो पर है लेकिन यासीन पर थाना पुलिस से लेकर वन विभाग के अधिकारी मेहरबान है मामले की शिकायत किए जाने के बाद भी पुलिस से लेकर वन विभाग के अधिकारी हरा पेड़ के कटान को रोकने मौके पर नहीं पहुंचे हैं जिससे थाना पुलिस से लेकर वन विभाग के अधिकारियों के साठगांठ का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## दावे आपत्तियॉ 09 दिसम्बर तक की जायेंगी प्राप्त

### विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए

**कौशाम्बी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त मतदाताओं को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए दावे आपत्तियॉ दिनांक 09 दिसम्बर 2023 तक प्राप्त की जायेंगी। उन्होंने बताया कि दिनांक 25 नवम्बर, 26 नवम्बर, 02 दिसम्बर एवं 03 दिसम्बर 2023 विशेष अभियान की तिथियॉ है, जिसमें जनपद के समस्त मतदान केन्द्रों पर पदाभिहित अधिकारी एवं बूथ लेबिल अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर दावे आपत्तियॉ प्राप्त करेंगे। जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा समस्त मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया जायेंगा। उन्होंने समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल एवं जनसामान्य से अधिकाधिक अर्ह मतदाताओं का पंजीकरण कराने में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

## विद्यालय के बगल में कूड़ा घर का निर्माण करवा रहा ग्राम प्रधान

### कूड़ाघर निर्माण हो जाने के बाद बच्चों के भविष्य और स्वास्थ्य पर पड़ेगा गंभीर प्रभाव

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्रामसभा धरमपुर का मजरा सरैंचा कूटीपर में एक विद्यालय है उस विद्यालय में आस - पास के सैकड़ों की तादात में बच्चे पठन - पाठन के लिए आते हैं। विद्यालय के बगल में संकीर्ण मानसिकता का ग्राम प्रधान सार्वजनिक कूड़ाघर का निर्माण करवा रहा है। कूड़ा घर निर्माण हो जाने के बाद लोग कूड़ा घर में कूड़ा करकट और मृत पशु भी फेकेंगे जिससे काफी दुर्गंध उठेगी। दुर्गंध उठने से विद्यालय में पठन - पाठन करने वाले बच्चों का मन अध्ययन करने में नही लगेगा जिससे बच्चों के भविष्य और स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। बच्चों के भविष्य और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले खतरे को भांपते हुए गांव के जागरूक लोग जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए ग्राम प्रधान के द्वारा विद्यालय के बगल में निर्माण कराए जा रहे कूड़ाघर पर आपत्ति जताई है। जिलाधिकारी ने शिकायती पत्र लेकर अधिकारियों को जांच कर उचित कार्यवाही का निर्देश दिए हैं। चार दिन बीत जाने के बाद भी मौके पर कोई अधिकारी जांच करने के लिए नही पहुंच पाए हैं जिससे ग्रामीण लोग योगी सरकार के कानून व्यवस्था पर तरह - तरह के सवाल उठा रहे हैं।

## कडा क्षेत्र में बिना परमीशन चल रही आरा मशीन, खत्म हो रही हरियाली

**कड़ा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र व कडा धाम थाना क्षेत्र में बिना परमीशन के दर्जनों आरा मशीन बेखौफ तरीके से संचालित हो रही है।क्षेत्र में बेखौफ तरीके से हरे फलदार पेड़ काटे जा रहे हैं इसकी वजह से क्षेत्र की हरियाली खत्म होती जा रही है। दो माह पहले वन विभाग की ओर से कार्रवाई की गई। इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों का कहना है कि पुलिस व वन विभाग के कुछ लोगो की मिलीभगत से पेड़ का कटान कराया जा रहा है। इससे पर्यावरण पर बुरा असर पड़ रहा है। दो दशक से बिना लाइसेंस के दारानगर टेढ़ी मोड़ के बीच आरा मशीन चल रही हैं बेखौफ लकड़ी माफिया हरे भरे पेड़ों को कटवाने का धंधा बना लिया है माफिया बेखौफ तरीके से सक्रिय है कार्रवाई होती नहीं दिख रही है केवल विभागीय ड्रामेबाजी कर शासन को गुमराह किया जा रहा है हरियाली नष्ट हो चुकी है आरा मशीन संचालक पर कब मुकदमा दर्ज कराया जाएगा या फिर वन विभाग के लोग अवैध मशीन संचालक में वसूली करने तक सीमित रहेंगे यह तमाम सवाल पूरी व्यवस्था पर खड़े हो रहे हैं ।

## न्यूज झरोखा

### कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष तलत अजीम की वालिदा का हुआ निधन

अंतिम संस्कार में उमड़ा दिग्गजो का हुजूम



**चायल कौशाम्बी।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष कौशाम्बी तलत अजीम की वालिदा का लंबी बीमारी के बाद पीजीआई अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों की भीड़ लग गई है नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी गई है इस मौके पर जिला अध्यक्ष कांग्रेस अरुण विद्यार्थी, पूर्व विधायक विजय प्रकाश, राजनीश पांडे,बीजेपी पूर्व जिलाध्यक्ष सन्तोष पटेल, पूर्व विधायक सपा हाजी परवेज टंकी, चायल, ब्लॉक चायल प्रमुख दिलीप प्रजापति,उमेश दिवाकर, हनुमान प्रसाद पूर्व जिला पंचायत सदस्य समेत हजारों आमजन मानस अंतिम संस्कार में शामिल हुए हैं।

### दो व चार पहिया वाहन आपस में भिड़े



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना के नजदीक दो चार पहिया वाहन की आपस में जोरदार टक्कर हो गयी प्रयागराज की तरफ जा रहे वाहनों की जोरदार टक्कर के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है पीछे परिजनों के साथ मे रहे एक छोटे बच्चे को चोटें आई है मौके पर ग्रामीणों की मदद से घायल को नजदीकी अस्पताल में इलाज कराया गया हैं लोगों के अनुसार दोनों चार पहिया वाहन काफी तेज रफ्तार में थे तभी अचानक एक छुट्टा जानवर सामने आ गया जिससे यह हादसा हुआ है दुर्घटना में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई है और बचाव एवं राहत कार्य में लगी है।

### महिला सिपाहियों ने कस्बा भरवारी में की एंटीरोमियो चेकिंग



**कोखराज कौशाम्बी।** प्रभारी निरीक्षक कोखराज के नेतृत्व में 22 नवम्बर को थाना कोखराज से प्रियंका सिंह व मनीषा पाल द्वारा कस्बा भरवारी में एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी मिशन शक्ति के तहत महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति नारी शक्ति नारी सम्मान नारी सुरक्षा नारी स्वावलंबन अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन 102 स्वास्थ्य सेवा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

### जन शिक्षण संस्थान द्वारा मुख्यालय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**कौशाम्बी** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 15 नवंबर 2023 से 26 नवंबर 2023 तक जनजातीय गौरव दिवस बिरसा मुंडा की जयंती पर 22 नवम्बर को संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने बिरसा मुंडा के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया तथा संस्थान मुख्यालय पर संस्थान मुख्यालय की प्रतिभागियों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम किया गया तथा पंडित जगदीश नारायण मिश्र इंटर कॉलेज पांडे मऊ भरवारी में पौधरोपण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्र कॉलेज के प्रधानाचार्य मलखान सिंह सहायक अध्यापक श्रीकांत तिवारी द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में संस्थान की अनुदेशिका श्रीमती रेखा देवी नीति अलका नेहा रबी रश्मि रितु दिवाकर राधा मुस्कान आदि प्रतिभागी मौजूद रहे।

### अखंड रामायण पाठ के समापन पर पहुंचे पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार



**भरवारी कौशाम्बी** भरवारी कस्बे के मेहता रोड परसरा चौराहे के पास शंकर लाल अग्रहरि के घर पर चल रही अखण्ड रामायण के समापन पर पूर्व सांसद एवम जनसत्ता दल लोक तांत्रिक पार्टी के प्रधान महासचिव शैलेंद्र कुमार शामिल हुए और उन्होंने रीवा मध्य प्रदेश से पधारे आशीष दिब्यांग म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया इस मौके पर सैकड़ो लोग मौजूद रहे भरवारी कस्बे में अखंड रामायण के पाठ के आयोजन में आशीष दिब्यांग म्यूजिकल ग्रुप रीवा मध्य प्रदेश ने दो दिवसीय अखंड रामायण एवम सुंदर काण्ड तथा भक्ति भजन का कार्यक्रम किया बुधवार को अखंड रामायण पाठ का यज्ञ अनुष्ठान के साथ समापन हुआ इस मौके पर शंकर लाल के अलावा प्रखर सक्सेना दीपू अग्रहरी शिवम अग्रहरी शुभम मिथलेश शिवम बादशाह सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे

### 25 नवंबर को शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**कौशाम्बी** जिला शतरंज खेल संघ और विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर के संयुक्त तत्वावधान में इन्टर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 25 नवम्बर को विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर में किया जायेगा इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए जिले के किसी भी विघालय के इच्छुक खिलाड़ी 25 नवम्बर को सुबह 8.30 पर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल पहुंचे।

## भोंदू की हत्या का खुलासा कर पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जिले के करारी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात अधेड़ भोंदू की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है,पत्नी से मारपीट से क्षुब्ध युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की घटना को अंजाम दिया था, पुलिस ने हत्या के आरोप में गांव के ही एक युवक और उसके दो साथियों को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया है जबकि तीन लोग अभी भी फरार हैं,पुलिस उनकी तलाश कर रही है। घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के बड़ी पवैया गांव में शुक्रवार की रात भोंदू सरोज की लाठी डंडे और कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई थी, पुलिस ने गांव के ही अर्जुन टुइया रामबाबू को गिरफ्तार कर लिया है पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया पुलिस को अर्जुन ने बताया कि उसकी पत्नी को कुछ दिनों पूर्व भोंदू ने मारा पीटा था जिसमे उसकी पत्नी को चोट आई थी,जिससे आक्रोशित होकर उसने अपने साथियों के साथ मिल कर हत्या की है अर्जुन की निशानदेही पर पुलिस ने आला कत्ल कुल्हाड़ी और लाठी बरामद कर लिया अर्जुन,रामबाबू और टुईया को गिरफ्तार कर लिया लिखा पढ़ी करने के बाद पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है अन्य आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है।

# लोक कल्याण बन गया भाजपा सरकार की पहचान: अनिल यादव

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** वोटर चेतना महाअभियान के दूसरे चरण की कार्यशाला जिला पंचायत सभागार में भाजपा ने की। बुधवार को कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष/जिले के नवनियुक्त प्रभारी डॉ अनिल यादव व जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुई। कार्यशाला में पूर्व सांसद भैरोप्रसाद मिश्र, पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी, अरविन्द मिश्रा की मौजूदगी में अनिल यादव ने कहा कि बूथ की मजबूती ही जीत का आधार है। बूथ जीता तो चुनाव जीता। बूथ तक जनसंवाद कर विपक्ष को धूल धूसरित करना है। लोककल्याण भाजपा सरकारों की पहचान बन गया है।


वोटर चेतना के दूसरे चरण में बोलते प्रभारी अनिल यादव।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि मतदाता चेतना अभियान में कार्यकर्ताओ को ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करना है। जिला प्रवासी/किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला ने कहा कि मतदाता चेतना में सभी लगकर ज्यादा से ज्यादा मतदाता जोडने का काम करें। वोटर चेतना महाअभियान की प्रस्तावना जिला महामंत्री/अभियान संयोजक आलोक पाण्डेय ने रखी। कहा कि वोटर चेतना महाअभियान में सभी कार्यकर्ता मनोयोग से अभियान को सफल बनायें। इस मौके पर तीरथ तिवारी, शिवशंकर सिह, अर्जुन शुक्ला, भोले सिह, राजेश जायसवाल, अश्विनी अवस्थी, विपुल सिंह, ब्रजेश पाण्डेय, अंजू वर्मा, भागवत त्रिपाठी, शिवशंकर सिंह, अखिलेश, राघव, रवि गुप्त, अभिषेक ओझा, सुरेश अनुरागी, दिनेश पटेल, मनोज तिवारी, प्रेमलाल, शंकर दयाल निषाद, पप्पू पाल, आदित्य, दिव्या त्रिपाठी, विनीता द्विवेदी, विनोद पांडे, स्वयंप्रकाश आदि मौजूद रहे।

## बैंक अधिकारियों ने शिविर में दी जानकारी

**चित्रकूट।** चित्रकूट विकासखंड के चंद्रगहना गांव में विकसित भारत संकल्प योजना के उपलक्ष्य में शिविर में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बुधवार को चंद्रगहना गांव में अधिकारियों ने सरकार की जनता के हित में जारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उनसे लाभान्वित होने को कहा। इंडियन बैंक के एलडीएम तुलसीराम व आर्यावर्त बैंक ने भी शिविर में हिस्सा लिया। शिविर में लोगों को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा योजना व अटल पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी।

# छात्र-छात्राओं को नियम बता किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** यातायात माह में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ यातायात राजकमल की देखरेख में प्रभारी यातायात निरीक्षक मनोज कुमार की टीम ने सेठ मूलचंद इंटर कॉलेज कर्वी में छात्रों के साथ यातायात जागरूकता गोष्ठी की।

बुधवार को गोष्ठी में यातायात प्रभारी मनोज कुमार ने छात्र/छात्राओं को नियमों की जानकारी देकर पालन करने को कहा। सभी से कहा कि परिजनों से यातायात नियमों का पालन करने को कहें। दोपहिया व चारपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट का प्रयोग करें। वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग न करें। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाए। 18 वर्ष आयु पूरी होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवायें। साइकिल व वाहन से स्कूल आते-जाते समय हमेशा बायीं ओर चलें। सावधानी से वाहन चलायें। गोष्ठी में विद्यालय के प्रधानाचार्य, टीएसआई शैलेन्द्र कुमार सिंह व दरोगा धर्मेश त्रिपाठी तथा शिक्षक स्टाफ- छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।


कालेज में छात्र-छात्राओं को नियम बताते प्रभारी।

## भरतकूप पुलिस ने चोरी के सात फोन-तमंचा समेत चोर दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में भरतकूप पुलिस टीम ने एक चोर को चोरी के सात विभिन्न कम्पनियों के मोबाइल फोन, तमंचा व कारतूस समेत दबोचा।


पुलिस गिरफ्त में चोर।

ज्ञात है कि 21 नवम्बर को भरतकूप थाने के दरोगा अजहर जमाल की टीम ने क्षेत्र भ्रमण में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर मुखबिर की सूचना पर ट्रक चालकों को चोरी के मोबाइल फोन बेंचने का प्रयास करते मोबाइल फोन, तमंचा व कारतूस समेत पिंटू पुत्र मनुवा आरख निवासी करारी को दबोचा। उसके खिलाफ थाने में चोरी व माल बरामद तथा आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा अजहर जमाल, दीवान शैलेन्द्र कुमार सिंह, सिपाही राकेश कुमार व विकास यादव शामिल रहे।

# मुलायम के कारवां को बढाने का दिलाया संकल्प

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सपा जिला कार्यालय में सपा संस्थापक/ पद्मश्री स्व मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपाइयों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने मुलायम सिंह के कारवां को आगे बढाने का सपाइयों को संकल्प दिलाया।

बुधवार को मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपा जिला कार्यालय में हुई गोष्ठी में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि नेताजी गरीब, किसान, मजदूर, मजलूमों, पिछडों एवं दलितों की रहनुमाई करने वाले नेता थे। गरीबों के हक को संघर्ष कर खुशहाली लाते थे। नेताजी का मानना था कि गांव-गली के विकास के बिना देश का विकास सम्भव नहीं है। उप्र के तीन बार मुख्यमंत्री व देश के रक्षामंत्री रहते हुए साबित किया कि उनके चिन्तन-चरित्र में एकरुपता थी। वे जैसा सोंचते थे, वैसा बोलते थे। सपा मुखिया अखिलेश यादव डॉ अम्बेडकर व डॉ लोहिया तथा मुलायम सिंह के बताये रास्ते पर चलकर उनके सपनों का भारत बनाना चाहते हैं।


सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जयंती पर पुष्प अर्पित करते सपाई।

गोष्ठी में पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, सपा नेता मान सिंह पटेल, मो गुलाब खां, नरेन्द्र यादव, सुभाष पटेल, श्यामबिहारी यादव, मदन त्रिपाठी आदि ने विचार व्यक्त किये। सपा नेता जिला अस्पताल जाकर नेताजी के जन्मदिन पर मरीजों को फल बांटकर हाल जाने। इस मौके पर सीताराम कश्यप, सीताराम गुप्ता, हरीमोहन यादव, जितेन्द्र सिंह, रमा यादव, रमेशचन्द्र कुशवाहा, विक्की यादव, मंगल यादव, निजाम सिद्दीकी, सरनाम यादव, आशुतोष अग्रहरि, राजाबाबू यादव, गोपीचन्द्र यादव, राकेश प्रजापति, लवलेश यादव, उमाकान्त यादव, आकाश पटेल, लालबहादुर निषाद, साहबलाल द्विवेदी व अमृतलाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।



रैली निकालते छात्र।

# नाम जुडवाने को छात्रों ने निकाली रैली

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** प्राथमिक विद्यालय मुरका व उच्च प्राथमिक विद्यालय मुरका के छात्र-छात्राओं ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची में 18 वर्षीय नये वोटरों के नाम सूची में जोड़ने को निर्वाचन आयोग ने मतदाता पुनरीक्षण को जन-जन तक पहुंचाने की गरज से मतदाता जागरुकता रैली निकाली। बुधवार को रैली में शामिल बच्चे 18 वर्ष पूरी कर चुके लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को प्रेरित किया। प्रावि मुरका के प्रधानाध्यापक राजकुमार केशरवानी ने हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना किया। गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए रैली उप्रावि मुरका पहुंची। प्रधानाध्यापिका श्रीमती भावना त्रिपाठी ने मतदाता सूची में अधिक से अधिक नये वोटर जोड़ने व महिला मतदाता की तादाद बढ़ाने को छात्र-छात्राओं से जन-जन तक बात पहुंचायी। मतदाता जागरुकता रैली में शिक्षक श्रीमती भावना त्रिपाठी, राजकुमार केशरवानी, राजेश पाण्डेय, अरुण सिंह, लीना कपूर, अर्चना पाण्डेय, अनामिका गुप्ता, पूजा मिश्रा, पूजा सिंह व रसोइयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## एसपी की अगुवाई में हुई वाहनों की जांच, साढे तीन लाख वसूले, 25 वाहन सीज

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की अगुवाई में यातायात माह के मद्देनजर धनुष चैराहा पर सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की मौजूदगी में कोतवाली कर्वी पुलिस व यातायात पुलिस ने दो व चार पहिया वाहनों की जांच हुई। मंगलवार की देर शाम पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में वाहनों की तगडी जांच हुई। वाहनों के शीशों पर लगी काली फिल्मों को निकलवाया। यातायात नियमों के उल्लंघन पर 164 वाहनों से तीन लाख 43 हजार रुपए का ई-चालान किया। 25 वाहनों को सीज किया। चेकिंग में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय, पीआरओ गुलाब त्रिपाठी, यातायात दरोगा शैलेन्द्र सिंह आदि पुलिस बल मौजूद रहा।


जांच करती पुलिस।

# ग्रामीण की हत्या कर शव पेड से लटकाया

### चार पर नामजद व दो पर साजिश का मामला दज

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** थाना क्षेत्र के मवईखुर्द गांव के शत्रुघ्न उर्फ मुन्ना सिंह (52) पुत्र नत्थू सिंह का शव आम के पेड से लटकता मिलने पर परिजनों में चार लोगों के खिलाफ नामजद व साजिश करने का आरोप दो लोगों पर लगाया है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पेड से शव लटकते मिलने की ये घटना बुधवार को मऊ थाना क्षेत्र के मवईखुर्द गांव में हुई। मृतक के पुत्र करन सिंह ने बताया कि उसके पिता शत्रुघ्न 21 नवम्बर को सवेरे घर से बिना कुछ कहे चले गये थे। पिता की गुमशुदगी थाने में दर्ज कराई थी। परिजन पिता की तलाश कर रहे थे। बुधवार को शव नदी किनारे पेड से लटका मिलने पर सनसनी फैल गई। बाबा घनश्याम सिंह ने घटना की सूचना थाने में देकर पिता का शव पेड से लटकाने के मामले में बच्चा सिंह उर्फ पुष्पराज सिंह पुत्र स्व रामप्रताप सिंह, रोहित सिंह पुत्र पुष्पराज सिंह, धर्मेन्द्र उर्फ ढिल्लर पुत्र छेदीलाल व शनि पुत्र रामबली रैदास निवासी मवईखुर्द के नामजद तहरीर दी है। कहा है कि घटना की साजिश में भीम व अजुर्न पुत्र छेदीलाल हैं। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


मृतक की फाइल फोटो।

इस मामले में सीओ मऊ जयकरन सिंह ने कहा कि रिपोर्ट दर्ज हो गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जायेगा। मृतक के दो लड़के व एक लड़की है। पत्नी हीरामनी का रो-रो कर बुरा हाल है।

## 62 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भस्कर मिश्रा की अगुवाई में चैकी प्रभारी गनीवां राजोल नागर की टीम ने लवकुश सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह निवासी सिकरी के कब्जे से 62 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी गनीवां राजोल नागर व सिपाही प्रदीप कुमार शामिल रहे।

# सांसद के निदेर्शों पर कार्यवाही न होने पर शिक्षक संघ करेगा शिकायत

### बीएसए चित्रकूट उत्पीडन कर दे रहे भ्रष्टाचार को बढ़ावा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** चित्रकूट धाम मंडल की मंडलीय क्रीडा प्रतियोगिता शुभारम्भ समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल ने संयोजक/अध्यक्ष मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक अरुण शुक्ला को निर्देश दिये कि बेसिक शिक्षाधिकारियों को पत्र लिखकर शिक्षकों की समस्यायें निस्तारित करायें। ज्ञात है कि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी सुश्री प्रिंसी मौर्या ने बांदा जिले के शिक्षकों की समस्यायें निस्तारित कर रही हैं। बीएसए चित्रकूट लव प्रकाश यादव शिक्षकों की समस्याओं की अनदेखी कर भ्रष्टाचार व शोषण को बढावा दे रहे हैं। शिक्षकों पर कार्यवाई व बहाली मे भेदभाव बरती जा रही है। भ्रष्टाचार इस कदर बढ गया है कि प्रत्यावेदन देने के सप्ताह के अंदर कार्रवाई बहाल की जा रही है, जबकि महीनों पहले दिये प्रत्यावेदन की सुनवाई नहीं हो रही।

सांसद ने शिक्षकों को बहाल करने के निर्देश मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक को दिये। बीएसए चित्रकूट, मुख्य सचिव उप्र शासन, महानिदेशक स्कूल शिक्षा, जिलाधिकारी चित्रकूट व सीडीओ समेत सांसद के निदेर्शों को अनसुना कर शिक्षकों का उत्पीड़न व भ्रष्टाचार को बढावा दे रहे हैं। सांसद ने चित्रकूट धाम मंडल के चारों जिलों की मौजूदगी में मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक से दखल देने के निर्देश दिये। उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने चेताया कि समस्याओं का जल्द समाधान न होने पर बीएसए चित्रकूट की शिकायत महानदेशक व सहायक शिक्षा निदेशक से की जायेगी।

# भीषण सड़क हादसे में मरने वालों की तादाद हुई आठ

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले के रैपुरा थाने में मंगलवार को रोडवेज बस व बोलेरो के बीच हुई भिड़ंत में मरने वालों की तादाद आठ हो गई है। मृतकों में सात यात्री एक ही परिवार के हैं।बुधवार को पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 35 पर मानिकपुर तहसील के बगरेही गांव के पास मंगलवार को चित्रकूट से प्रयागराज जा रही जनरथ बस व प्रयागराज से आ रही बोलेरो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई थी। पांच यात्रियों की मौके पर मृत्यु हुई थी, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घायलों को प्रयागराज के स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती कराया था। देर रात दो और घायलों की मौत हो गयी, जबकि आज सवेरे एक अन्य यात्री ने दम तोड़ दिया। मरने वालों में सात एक ही परिवार के हैं। हादसे में मप्र के पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र के प्रताप पटेल (35), पुत्री आंकक्षा (13), पुत्र सनत (10), पत्नी अशोका (30), बांदा जिले के जगजीत कुशवाहा (52) ने मौके पर दम तोड़ा था। प्रताप के पिता आनंदी

### कल हुआ था हादसा

प्रसाद पटेल (55) के अलावा रामबाई (36), भूरा उर्फ राजू पटेल (36) की इलाज दौरान मृत्यु हो गयी। घायल सुनैना पटेल (32), दीपक पटेल (6) व अरविंद कुशवाहा (30) की हालत गंभीर बनी है।

## आज होगा मानचित्र समाधान दिवस

**चित्रकूट।** विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की सचिव वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्र के मंजूरी को भवन मानचित्रों के जल्द निस्तारण को प्राधिकरण मानचित्र समाधान दिवस 23 नवंबर को अपरान्ह एक से पांच बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में होगा। इस मौके पर सभी संबंधित भवन मानचित्र प्रस्तुतकर्ता व अनुज्ञा प्राप्त मानचित्रकार/आर्किटेक्ट मौजूद रहेंगे। संबंधित भवन मानचित्र की आपत्तियों का निस्तारण कर भवन मानचित्र मंजूरी कार्यवाही होगी। संबंधित लोग नियत तिथि पर पहुंचकर सुविधा का लाभ उठायें।

# पहले चरण में संजय सिंह गिरफ्तारी को 25 लाख घरों में आप देगी दस्तक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेश के हर जिले में घर-घर दस्तक देकर पर्चे बांटे। पर्चों में संजय सिंह की गिरफ्तारी का सच बताने का प्रयास किया।

गौरतलब है कि प्रदेश में आज से आम आदमी पार्टी ने सभी जिलों में अभियान चलाकर पहले चरण में 25 लाख घरों में दस्तक देगा। हर घर पहुंचकर सांसद/उप्र प्रभारी संजय सिंह की ईडी ने अवैध गिरफ्तारी का काला सच कार्यकर्ता उजागर कर रहे है। पर्चे में नारा दिया कि मरना मंजूर है पर डरना नहीं। मतलब साफ है कि पार्टी नेता-कार्यकता अब दबने व डरने वाले नहीं है। संजय सिंह की लड़ाई आर-पार होगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सन्तोषी लाल शुक्ला ने कहा कि संजय सिंह आम आदमी की आवाज, पटरी-रेहड़ी, दुकानदारों, पिछड़ों-दलितों की आवाज को संसद में उठा रहे थे, उन्हें संसद से निलंबित किया।


हस्ताक्षर कराते आप जिलाध्यक्ष।

उन्होंने किसानों के संघर्ष की आवाज उठाई तो ईडी का डर दिखाया। इस मौके पर आप नेता अंकित सिंह पटेल, अभिषेक सिंह पटेल, राजबहादुर साहू, नर्वदा प्रसाद यादव, योगेन्द्र रैकवार, लवलेश केसरवानी, आलोक सिंह, कुलदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## किसानों की दस को होगी कालिंजर में पंचायत

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक महेंद्र प्रताप वर्मा की अध्यक्षता में कचहरी में हुई। दस दिसंबर को संयुक्त किसान मोर्चा कालिंजर में विशाल किसान पंचायत पर चर्चा हुई।

बुधवार को किसान सभा नेता डॉ रामचंद्र सरस ने महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी व सरकार की आर्थिक नीतियों के बारे में बताया। दस दिसंबर को किसान महापंचायत में किसान नेता डॉ गिरीश शर्मा, बादल सरोज, डॉ सुनील, अरविंद राज स्वरूप, इम्तियाज बेग बड़े नेता कालिंजर पहुंचेंगे। किसान सभा के साथी रूद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि किसानों को हकों के लिए लड़ना होगा, सरकार को घेरना होगा। उत्तर प्रदेश किसान सभा के बुंदेलखंड प्रभारी अमित यादव ने कहा कि जिले में किसानों को जागरुक कर हजारों की तादाद में कालिंजर महापंचायत में शामिल होंगे। का महेंद्र प्रताप ने गांव-गांव किसान गोष्ठी कर किसानों को जागरुक कर पंचायत में भागीदार बनने की अपील की। बैठक में का चंद्रपाल, रामप्रसाद सिंह (पूर्व विधायक), संदीप कुमार पांडे, राजेंद्र कुमार, कमलेश प्रसाद, उदय भान सिंह, गज्जू प्रसाद फौजी, कमलाकांत यादव, संजय कुमार, सुशील सिंह आदि मौजूद रहे।

# 25 जनवरी से एक फरवरी तक होंगी परीक्षायें

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के निर्देश पर इण्टर मीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षायें 25 जनवरी से एक फरवरी तक जिले में होंगी।

बुधवार को उन्होंने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षाओं की बाबत जानकारी तथा परीक्षकों की तैनाती की सूचना परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय से मिलेगी। परीक्षाओं की शुचिता बनाये रखने की गरज से प्रधानाचार्यों को प्रयोगात्मक परीक्षायें सीसीटीवी की निगरानी में करानी होगी। परीक्षाओं की रिकार्डिंग प्रधानाचार्य डीवीआर में सुरक्षित रखेंगे। मांगने पर परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय में देना होगा। हाईस्कूल प्रयोगात्मक परीक्षायें गतवर्ष की भांति विद्यालय स्तर पर कराई जायेंगी। हाईस्कूल व्यक्तिगत परीक्षार्थी अपने केन्द्र के प्रधानाचार्य से सम्पर्क कर प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल हों। हाईस्कूल प्रयोगात्मक परीक्षा आन्तरिक मूल्यांकन, नैतिक खेल एवं शारीरिक शिक्षा तथा इण्टर मीडिएट की खेल एवं शारीरिक शिक्षा के प्राप्तांक विद्यालयों के प्रधानाचार्य से परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन लोड किये जायेगें। ये कार्य दस जनवरी से वेबसाइट क्रियाशील हो जायेगी। विद्यालय स्तर पर होने वाली कक्षा 12 की प्री-बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षायें पांच जनवरी से 12 जनवरी के बीच विद्यालय के प्रधानाचार्य करायेंगे। विद्यालय स्तर पर होने वाली कक्षा 9 व 11 की वार्षिक परीक्षायें तथा कक्षा 10 व 12 की प्री-बोर्ड लिखित परीक्षायें 13 जनवरी से 22 जनवरी के बीच प्रधानाचार्य करायेंगे।

## आर्म्स एक्ट में एक को हुई जेल में बिताई अवधि की सजा

**मऊ/चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी व पैरोकार रविप्रकाश कुमार की पैरवी से न्यायालय ने आर्म्स एक्ट के आरोपी को जेल में बिताई अवधि व दो हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। बुधवार को सहायक अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह प्रभावी बहस के चलते न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट मऊ सुश्री संघमित्रा ने मऊ थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के आरोपी शैलेश पासी पुत्र मनिया पासी निवासी फकीराबाद थाना सराय अकिल जिला कौशाम्बी को जेल में बितायी अवधि व दो हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है कि 9 जुलाई 2009 को पूर्व थानाध्यक्ष मऊ चिरन्जीव मोहन ने मटियारा गांव के पास से शैलेश को तमंचा-कारतूस समेत गिरफ्तार किया था। थाने में मामला दर्जकर पूर्व दरोगा चन्द्रभान सिंह ने विवेचना कर 17 अगस्त 2009 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## जी-20 डिजिटल शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे रूसी राष्ट्रपति पुतिन



**मास्को**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बुधवार को भारत की मेजबानी में होने वाले जी-20 नेताओं के डिजिटल शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने क्रेमलिन के बयान का हवाला देते हुए कहा, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 22 नवंबर 2023 को आयोजित होने वाले जी20 समूह देशों के नेताओं के डिजिटल शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। बैठक में भारत की जी-20 समूह की अध्यक्षता के परिणामों, वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्त की स्थिति, जलवायु एजेंडा, डिजिटलीकरण के मुद्दे और अन्य विषयों पर चर्चा की उम्मीद है। इस साल सितंबर में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में पुतिन शामिल नहीं हुए थे। उनके स्थान पर विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूस का प्रतिनिधित्व किया था। इससे पहले पिछले साल नवंबर में इंडोनेशिया के बाली में आयोजित शिखर सम्मेलन में भी पुतिन शामिल नहीं हुए थे।

## उत्तर कोरिया की जासूसी सेटेलाइट लॉन्च होने के बाद जापान ने जारी की आपातकालीन चेतावनी

**टोक्यो**

उत्तर कोरिया की जासूसी सेटेलाइट लॉन्च करने के बाद दक्षिण कोरिया और जापान ने आपातकालीन चेतावनी जारी की है। दोनों देशों ने आशंका जताई है कि इस सेटेलाइट के कक्षा में स्थापित होने के बाद संभावित खतरा बढ़ गया है। जापान ने जे-अलर्ट प्रसारण प्रणाली पर चेतावनी जारी करते कहा कि उत्तर कोरिया ने एक मिसाइल दागी है जो ओकिनावा के दक्षिणी प्रांत के निवासियों के लिए खतरा हो सकता है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के कार्यालय के अनुसार, टोक्यो ने सेटेलाइट को मार गिराने की तैयारी में जवाबी उपाय तैनात कर दिए हैं। ओकिनावा के मियाको, इशिगाकी और योनागुनी द्वीपों पर पीएसी-3 जमीन आधारित मिसाइल-रक्षा बैटरियां भेजी हैं और समुद्री आत्मरक्षा बल एजिस विध्वंसक को भी तैनात किया गया है, जो एसएम-3 इंटरसेप्टर से लैस है। मालूम हो कि इस साल जासूसी सेटेलाइट लांच करने का उत्तर कोरिया का यह तीसरा प्रयास है। इससे पहले मई और अगस्त में वह दो प्रयासों में विफल हो चुका है। मंगलवार सुबह को उत्तर कोरिया ने जापान के तटरक्षक को सूचित करते कहा था वह 22 और 30 नवंबर के बीच किसी भी समय सेटेलाइट लॉन्च कर सकता है।

## नेपाल के भूकम्प पीड़ितों के लिए भारत ने राहत सामग्री की चौथी खेप भेजी




**काठमांडू**

नेपाल के जाजरकोट और रूकुम पश्चिम जिले के भूकम्प पीड़ितों के लिए आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति के साथ चौथे खेप की भूकंप राहत सामग्री भारत से नेपाल पहुंच गई है। ये राहत सामग्री आज मंगलवार को भारतीय दूतावास की ओर से नेपाल सरकार को सौंपी गई।

काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के मुताबिक, भारत ने नेपाल मेडिकल एसोसिएशन की मांग के मुताबिक ये राहत सामग्री मुहैया कराई है। इन राहत वस्तुओं में आवश्यक दवाएं और उपकरण शामिल हैं। बीते 03 नवम्बर को जाजरकोट और उसके आसपास आए भूकंप से प्रभावित परिवारों को भारत सरकार के तरफ से अब तक 34 टन से अधिक आपातकालीन राहत सामग्री प्रदान की जा चुकी है।

भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूकम्प के तुरंत बाद ही नेपाल के भूकम्प पीड़ित लोगों के लिए हर आवश्यक सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। दूतावास की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि भारत सरकार की पड़ोसी प्रथम नीति और प्रधानमंत्री मोदी की नेपाल को सहयोग देने की प्रतिबद्धता की पुष्टि जाजरकोट भूकंप में भारत द्वारा प्रदान की गई मानवीय सहायता से हुई है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# इजराइली सेना ने अल शिफा के बाद इंडोनेशियन अस्पताल को घेरा, जबालिया शिविर में भीषण लड़ाई

**यरुशलम**

इजराइली सेना ने गाजा पट्टी के अल शिफा अस्पताल पर कार्रवाई के बाद अब उत्तरी भाग में स्थित इंडोनेशियन अस्पताल को घेर लिया है। इजराइली टैंक अस्पताल के नजदीक गश्त कर रहे टैंक रुक रुककर फायरिंग भी कर रहे हैं। इस फायरिंग में 12 फिलिस्तीनियों के मारे जाने की सूचना है। मिस्र की सीमा के नजदीक बसे रफाह कस्बे पर इजराइली सेना की बमबारी में 14 लोगों के मारे जाने की सूचना है। बंधकों की रिहाई के बदले सीमित समय के युद्धविराम के लिए जारी वार्ता के बीच गाजा में लड़ाई जारी है। गाजा के सबसे बड़े शरणार्थी शिविर जबालिया में हमास लड़ाकों और इजराइली सेना के बीच भीषण लड़ाई जारी है। वहां पर इजराइली विमानों ने बमबारी भी की है। एक लाख की आबादी वाला शिविर का यह इलाका हमास के प्रभाव वाला है।

इस बीच, अल शिफा अस्पताल से निकाले गए 31 समय से पहले पैदा हुए नवजात शिशुओं को पड़ोसी देश मिस्र ले जाया गया है। इन नवजात शिशुओं को मोबाइल इन्क्यूबेटर में रखकर मिस्र के अस्पताल तक पहुंचाया गया है। मिस्र के रास्ते 61 फिलिस्तीनी मरीज तुर्किये पहुंचे हैं, उनका वहां के अस्पतालों में इलाज होगा।



इंडोनेशियन अस्पताल में फायरिंग और गोलाबारी के बीच 700 मरीज भर्ती हैं। इस अस्पताल में भी हजारों की संख्या में बेघर हुए क्षेत्रीय लोगों ने शरण ले रखी है। लड़ाई के बीच वहां का संचार संपर्क टूट गया है। वहां की स्थिति के बारे में इजराइली सेना ने अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है। वैसे सेना ने अभी अस्पताल में प्रवेश नहीं किया है। इजराइली सेना के अनुसार, वह केवल हमास के आतंकियों और उनके ठिकानों को निशाना बना रही है। लड़ाई में हमास के आमजनों को ढाल बनाए जाने से कठिनाई हो रही है और कार्रवाई में आम फलस्तीनी बेवजह मारे जा रहे हैं। इजराइली सेना ने ताजा लड़ाई में हमास के तीन कमांडरों के मारे जाने की जानकारी दी है।

जानकारी के अनुसार, गाजा के उत्तर-पूर्वी हिस्से के बीत लाहिया कस्बे पर इजराइली सेना ने टैंकों से गोलाबारी की है, इसमें बड़ी संख्या में आमजनों के मारे जाने की खबर है।

सात अक्टूबर से गाजा में जारी इजरायली हमलों में अभी तक 13 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं जिनमें से दो तिहाई से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। हमास के जवाबी हमलों में 65 इजरायली सैनिक मारे गए हैं।

इजराइली सेना ने हमास से जारी लड़ाई के चलते आमजनों से उत्तरी गाजा खाली कर देने के लिए कहा है। इलाके से आठ लाख से ज्यादा लोग दक्षिणी गाजा जा चुके हैं, लेकिन अभी भी कई लाख लोग उत्तरी इलाके में हैं। इन्हीं में से दसियों हजार ने अपने घर छोड़कर विभिन्न अस्पतालों में शरण ले रखी है। वहां पर उन्हें इजरायली हमलों से बचे रहने की उम्मीद नजर आ रही है, लेकिन छह हफ्तों से जारी लड़ाई के बाद अब इन अस्पतालों का भी बुरा हाल है। पानी, बिजली और दवाइयों के अभाव से जूझ रहे इन अस्पतालों तक लड़ाई पहुंच गई है। अब मरीजों का अस्पताल में बने रहना मुश्किल हो रहा है।

## संयुक्त सैन्य अभ्यास सूर्य किरण में हिस्सा लेने के लिए नेपाली सेना का दस्ता भारत रवाना

काठमांडू

नेपाली और भारतीय सेना के बीच उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में 24 नवम्बर से 7 दिसम्बर तक संयुक्त सैन्य अभ्यास सूर्य किरण होने जा रहा है। इसमें भाग के लिए नेपाली सेना का एक दस्ता बुधवार को काठमांडू से भारत रवाना हुआ है। नेपाली सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल कृष्ण प्रसाद भण्डारी ने बताया कि दोनों देशों के बीच हर साल होने वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास इस वर्ष भारत के



पिथौरागढ़ (उत्तराखंड) में होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत के बीच होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास सूर्य किरण का यह 17वां संस्करण है, जिसमें सहभागी होने के लिए नेपाली दस्ता पिथौरागढ़ रवाना हुआ है। इस सैन्य अभ्यास में जंगल वारफेयर, पहाड़ों पर होने वाली आतंकी घटनाओं का सामना, मानवीय सहायता जैसी घटनाओं पर संयुक्त अभ्यास किया जाता है। एक वर्ष भारत में और एक वर्ष नेपाल में होने वाला यह संयुक्त सैन्य अभ्यास पिछले वर्ष नेपाल में हुआ था।

## इजराइल की संसद ने गाजा में चार दिनों के संघर्ष विराम प्रस्ताव को दी मंजूरी, 50 बंधकों को रिहा करेगा हमास

**तेल अवीव,**

इजराइल-हमास संघर्ष में बुधवार को इजराइल की संसद ने अहम प्रस्ताव को मंजूरी दी। 50 इजराइली बंधकों को रिहा करने के बदले चार दिनों के संघर्ष विराम प्रस्ताव को पास किया गया है। जिन बंधकों को रिहा किया जाएगा उनमें महिलाएं और बच्चे होंगे। इजराइल सरकार की तरफ से जारी जानकारी के मुताबिक संघर्ष विराम समझौते के तहत हमास को चार दिनों की अवधि में गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए करीब 240 बंधकों में से 50 को रिहा करना होगा। बुधवार सुबह इस प्रस्ताव पर मतदान से पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि संघर्ष विराम खत्म होने के बाद इजराइल दोबारा हमास के खिलाफ आक्रामक अभियान शुरू करेगा। हिब्रू मीडिया के मुताबिक हमास जिन बंधकों को रिहा करेगा उसमें 30 बच्चे और 20 महिलाएं शामिल हैं। इन्हें हर दिन 12-13 के ग्रुप में रिहा किया जाएगा।

हर 10 बंधकों के ग्रुप की रिहाई के बदले इजराइल एक दिन का संघर्ष विराम करेगा। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इस संघर्ष विराम के मसौदे के तहत इजराइल भी 150 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा, जिनमें महिलाएं और बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी। हालांकि हमास के साथ संघर्ष विराम को मंजूरी का कड़ा विरोध भी शुरू हो गया है। यरुशलम पोस्ट के मुताबिक 7 अक्टूबर को हमास हमले में मारे गए इजराइली नागरिकों के परिजनों का कहना है कि आतंकियों की किसी भी कीमत पर रिहा नहीं किया जाना चाहिए। अगर आज हम उनके सामने झुकते हैं तो इस बात की क्या गारंटी है कि वे भविष्य में वे हमें निशाना नहीं बनाएंगे।

## गाजा के जबालिया क्षेत्र को इजराइली सैनिकों ने चारों ओर से घेरा

**गाजा,**

इजराइली सैनिकों ने मंगलवार को उत्तर पूर्वी गाजा में जबालिया क्षेत्र को चारों तरफ से घेर लिया है। इजराइली सेना ने शरणार्थी शिविर और करीब के एक अस्पताल के गेट पर बमबारी की। इस दौरान फिलिस्तीनी आतंकवादियों ने भी प्रतिरोध किया। इसके साथ ही इजराइल सेना ने उत्तरी गाजा में अपने अभियान का विस्तार किया, जहां के निवासियों तक हफ्तों से बिजली, पानी या मानवीय सहायता नहीं पहुंची है।

इजरायल-हमास युद्ध सातवें हफ्ते में प्रवेश कर गया है। युद्ध की अग्रिम पंक्ति जबालिया शिविर में स्थानांतरित हो गई है, जो गाजा शहर के पास कंक्रीट की इमारतों का घना जंगल है। यहां 1948 के युद्ध शरणार्थियों और उनके वंशजों को रखा गया है। इजरायल इस क्षेत्र पर हफ्तों से बमबारी कर रहा है। सेना ने कहा कि गाजा शहर के अधिकांश हिस्से से खदेड़े जाने के बाद हमास के लड़ाके वहां और अन्य पूर्वी जिलों में फिर से इकट्ठा हो गए हैं। जबालिया के बाहरी इलाके में इंडोनेशियाई अस्पताल के बाहर भी लड़ाई तेज हो गई है, जहां सोमवार को हमले में 12 लोगों की मौत हो गई। वहीं, उत्तरी गाजा में दबाव बनने के बाद यह स्पष्ट नहीं है कि यहां कितने लोग बचे हैं। लेकिन फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए यूएन एजेंसी का आकलन है कि यहां 1, 60, 000 लोग शिविरों में आश्रय लिए हुए हैं। यहां अधिक समय के लिए जरूरी सामान की आपूर्ति नहीं बची है। वहीं, डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि वह गाजा के तीन अस्पतालों से लोगों को निकालने की योजना बना रहा है। इस बीच, इजरायली रक्षा बल ने सात अक्टूबर को हमास हमले के वीडियो साझा किए हैं। इससे पता चलता है कि हमास ने किस तरह लोगों से दरिंदगी की। लेबनानी सूचना मंत्री के अनुसार, मंगलवार को दक्षिणी लेबनान पर इजराइली हमले में इजराइल से सटी लेबनानी सीमा तीर हारफा में बेरूत स्थित अल-मयादीन टीवी के लिए रिपोर्टिंग करने वाले दो पत्रकारों व एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। दोनों पत्रकारों की पहचान संवाददाता फराह ओमर और कैमरामैन रबीह मामरी के रूप में की गई है।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री लायड आस्टिन बिना कार्यक्रम ट्रेन से यूक्रेन पहुंचे

**कीव**

अमेरिका के रक्षा मंत्री लायड आस्टिन सोमवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के बिना यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंच कर पश्चिमी देशों द्वारा जारी समर्थन का वादा एक बार फिर से दोहराया है। आस्टिन लायड की यह दूसरी कीव यात्रा है जब वे रूस के साथ जारी संघर्ष के बीच पहुंचे हैं। आस्टिन पोलैंड से कीव ट्रेन से पहुंचे। लायड इससे पहले रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के ठीक दो महीने बाद अप्रैल 2022 में गए थे। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि मैं यहां एक महत्वपूर्ण संदेश देने के लिए आया हूं। रूसी आक्रामकता से मुक्ति पाने के लिए जारी यूक्रेन युद्ध में अमेरिका हमेशा उसके साथ है। उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से भी मुलाकात की और समर्थन की प्रतिबद्धता जताई। अमेरिका और उसके सहयोगी युद्ध में सफलता के लिए यूक्रेन को जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने का काम करते रहेंगे। उनका रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव और चीफ आफ स्टाफ जनरल वलेरी जालुझनी से मिलने का भी कार्यक्रम है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि आस्टिन यूक्रेनी अधिकारियों को यह बताना चाहते थे कि रूस के खिलाफ यूक्रेन के अमेरिकी समर्थन दृढ़ है और जारी रहेगा। भले ही दुनिया का ध्यान पश्चिम एशिया की ओर आकर्षित हो और लगभग 21 महीने के युद्ध के कारण थकान के संकेत मिले हों। वहीं, रूस ने 2016 यूरोविजन संगीत प्रतियोगिता जीतने वाली एक यूक्रेनी गायका को वांछित सूची में शामिल किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गृह मंत्रालय के डेटाबेस में गायिका सुजाना जमालदीनोवा को आपराधिक कानून का उल्लंघन करने के आरोप में सूचीबद्ध किया गया है।

## भारत ने किया इजराइल-हमास संघर्ष में अल्प-विराम के प्रयासों का स्वागत

**संयुक्त राष्ट्र**

इजराइल-हमास संघर्ष में अल्प-विराम के प्रयासों, तनाव कम करने एवं फिलिस्तीन के लोगों को तत्काल मानवीय सहायता प्रदान करने की अंतरराष्ट्रीय समुदाय की कोशिशों का स्वागत किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के पूर्ण सत्र की गाजा पट्टी में मानवीय स्थिति को लेकर अनौपचारिक बैठक में कहा कि भारतीय नेतृत्व का संदेश स्पष्ट और तार्किक रहा है।

कंबोज ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय समुदाय के उन सभी कदमों का स्वागत करता है जो संघर्ष को कम करने की कोशिश करते हैं और फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता तत्काल मुहैया कराने में सक्षम बनाते हैं।

उन्होंने कहा, हम आतंकवाद के सभी रूपों का दृढ़ता से विरोध करते हैं। हम स्पष्ट रूप से हिंसा के खिलाफ हैं। हम इस पक्ष में हैं कि अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन किया जाए, तनाव को और बढ़ने से रोका जाए, मानवीय सहायता पहुंचाना जारी रहे, सभी बंधकों को बिना शर्त रिहा किया जाए और सभी पक्ष शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली की दिशा में काम करें।

कंबोज ने कहा कि इसी दिशा में हम युद्ध में मानवीय अल्प-विराम के प्रयासों का भी स्वागत करते हैं।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री लायड आस्टिन बिना कार्यक्रम ट्रेन से यूक्रेन पहुंचे

**कीव**

अमेरिका के रक्षा मंत्री लायड आस्टिन सोमवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के बिना यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंच कर पश्चिमी देशों द्वारा जारी समर्थन का वादा एक बार फिर से दोहराया है। आस्टिन लायड की यह दूसरी कीव यात्रा है जब वे रूस के साथ जारी संघर्ष के बीच पहुंचे हैं। आस्टिन पोलैंड से कीव ट्रेन से पहुंचे। लायड इससे पहले रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के ठीक दो महीने बाद अप्रैल 2022 में गए थे। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि मैं यहां एक महत्वपूर्ण संदेश देने के लिए आया हूं। रूसी आक्रामकता से मुक्ति पाने के लिए जारी यूक्रेन युद्ध में अमेरिका हमेशा उसके साथ है।

# रूस के हमले में अबतक 10 हजार यूक्रेनी नागरिकों की मौत, जेलेंस्की का शांति वार्ता से इनकार

**जेनेवा**

रूसी हमले में अब तक यूक्रेन के 10 हजार नागरिकों की मौत हो चुकी है। हर दिन हो रहे रूसी हमलों के साथ मौत का यह आंकड़ा बढ़ रहा है। यूक्रेन के पूर्वी डोनेट्स्क और खार्कीव क्षेत्र में सोमवार देर रात रूस के मिसाइल हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने मंगलवार को 10 हजार यूक्रेनी नागरिकों के मारे जाने पर गहरी चिंता जताई।उल्लेखनीय है कि फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। रूस-यूक्रेन युद्ध 21वें महीने में प्रवेश कर चुका है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने कहा कि रूस द्वारा लंबी दूरी की मिसाइलों का प्रयोग करने के कारण आधी मौतें पिछले तीन माह में सीमा से बहुत दूर हुईं। मृतकों में एक तिहाई 60 साल से अधिक उम्र के हैं। हालांकि, मास्को जानबूझकर नागरिकों को निशाना बनाने की बात से इनकार करता रहा है।

इधर, सोमवार को रूस के हमलों से बखमुत का पूर्वी शहर तबाह हो गया। कीव की ओर बढ़ने में असफल होने पर रूस, यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्रों पर लगातार हमले कर रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को युद्ध में यूक्रेन की सेना की लगातार बिगड़ती स्थिति के बावजूद मास्को के साथ शांति वार्ता करने से इनकार कर दिया।



रूस के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि कीव में वर्तमान शासन के साथ किसी प्रकार की बातचीत संभव नहीं है। यूरोपियन परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने मंगलवार को युद्धग्रस्त कीव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूक्रेन लगातार ईयू के करीब आता गया और उसकी प्रगति उल्लेखनीय है। हम रूस के खिलाफ युद्ध में उसका समर्थन जारी रखेंगे।

जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने भी मंगलवार को कीव की अघोषित यात्रा की और रूस के खिलाफ युद्ध जीतने के कीव के प्रयासों का समर्थन जारी रखने की बात दोहराई।

अमेरिका ने सोमवार को यूक्रेन के लिए 10 करोड़ डॉलर के नए सहायता पैकेज की घोषणा की। जेवलिन, एटी-4 लांचर, छोटे हथियार बारूद, स्टिंगर विमान भेदी मिसाइलें आदि भी पैकेज में शामिल हैं।